■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-12)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 22 अप्रैल, 2024




पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, चोरी छिपे किया अन्तिम संस्कार 8

दसवीं पास हैं भोले,5 साल में बढ़ी 95 लाख की संपत्ति 6

## राजस्थान के बांसवाड़ा में मोदी ने दी ये गारंटियां

# 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने से लेकर बुजुर्गों के इलाज का खर्च उठाने तक



राजस्थान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजस्थान के जालौर के बाद बांसवाड़ा जिले में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, चारों तरफ मैं राजस्थान में जहां-जहां गया हूं, हिंदुस्तान के जिस-जिस कोने में अब तक पहुंचा हूं... चारों तरफ एक ही बात गूंज रही है- फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने आगे कहा, पूरे बागड़ से भाजपा का रिश्ता बहुत पुराना है। यहां की वीर धरा ने हमेशा भाजपा पर अपना विश्वास जताया है। आज की वैश्विक परिस्थितियों में पूरे बागड़ का भाजपा के साथ रहना... ये बहुत जरूरी है।पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, आज भारत में स्थिर सरकार, मजबूत सरकार का होना भी बहुत जरूरी है। एक ऐसी सरकार जो सरहदों की रक्षा कर सके और जरूरत पड़े तो पाताल में भी खोज कर दुश्मनों का सफाया कर सके। उन्होंने कहा, एक ऐसी सरकार... जो महिला, किसान, गरीब, दलित, वंचित, जनजातीय और पिछड़ा वर्ग... समाज के इन सभी वर्गों को सम्मान और समृद्धि की तरफ ले जा सके। एक ऐसी सरकार... जो युवाओं के सपनों को समझे और उनके लिए नीतियां बनाए। हमारा 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है- ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने आगे कहा, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए, देश को मजबूत बनाने के लिए, आपके सपनों को पूरा करने के लिए... इसी आधार पर मोदी पूरे देश से, राजस्थान से और बागड़ से आशीर्वाद मांगने के लिए आया है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास सुशासन का एक उमदा मंत्र लेकर समर्पण भाव से कार्य कर रही है।

गारंटी देते हुए पीएम मोदी ने कहा, गैस और नल से जल देने के साथ-साथ मैंने गरीबों को मुफ्त राशन दिया। तिजोरी खाली कर दी, लेकिन मैंने पक्का किया कि गरीब के घर में चूल्हा जलता रहना चाहिए, गरीब का बच्चा भूखा नहीं सोने दिया। आज मैं फिर गारंटी दे रहा हूं कि आने वाले 5 साल मुफ्त राशन मिलता रहेगा। इसका अधिक फायदा गरीब, पिछड़े और दलित परिवारों को हुआ। उन्होंने आगे कहा, मोदी हर बार नया काम आप लोगों की सेवा के लिए ही करता है। आपकी मजबूती के लिए करता है, क्योंकि देश मजबूत बनाने के लिए हर परिवार को मजबूत बनाना है। 70 वर्ष के ऊपर की आयु के बुजुर्गों के इलाज की खर्चा अब ये मोदी उठाएगा... ये मेरी की गारंटी है। बुजुर्गों के इलाज का 5 लाख रुपये तक का खर्च दिल्ली में बैठा उनका ये बेटा उठाएगा। पीएम मोदी ने कहा, मोदी की गारंटी है कि 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। हमारी बेटियां खेलों में खूब आगे बढ़ें... इसके लिए भी विशेष सुविधा और विशेष कार्यक्रम बनाए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों के लिए आने वाले 5 साल सुख समृद्धि के होने वाले हैं।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, भाजपा ईमानदारी से काम करती है, लेकिन कांग्रेस की दुकान में भ्रष्टाचार ही बिकता है। कांग्रेस ने हमेशा दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को डराया और आज भी भांति-भांति के डर और झूठ फैला रहे हैं, लेकिन अब इनका झूठ नहीं चल रहा है। कांग्रेस जैसी पार्टियां सिर्फ अपनी संतानों के लिए काम करती है। इंडी गठबंधन के सारे लोग अपने बच्चों को फिट करने में लगे हैं। जबकि मोदी आपकी संतानों के भविष्य के लिए खप रहा है और दिन-रात मेहनत कर रहा है।

### बीजेपी पर जमकर बरसी सुनीता

## जेल में मेरे पति को मारने की कोशिश कर रही मोदी सरकार



नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को रांची में इंडिया गठबंधन की रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि उनके पति को जेल में मारने की साजिश की जा रही है। वह शुगर के मरीज हैं, लेकिन उन्हें इंसुलिन लेने से रोका जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन का क्या कसूर

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि लोग कहते हैं, राजनीति बुरी चीज है। यह वाकई बुरी चीज है। शर्मनाक बात है कि जेल में मेरे पति अरविंद केजरीवाल के खाने और उनके एक-एक निवाले पर कैमरा लगा दिया गया है। उन्होंने लोगों से सवालिया लहजे में पूछा कि आखिर अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन का कसूर क्या है? इन्हें छल-कपट से जेल में डाला गया है। इन्हें किसी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया, इनका कसूर साबित नहीं हुआ, लेकिन महज जांच के नाम पर इन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने लोगों से तानाशाही ताकतों की साजिश का जवाब देने की अपील की। उन्होंने नारा लगाया, 卐जेल का ताला टूटेगा, अरविंद केजरीवाल छूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा।

## ईडी ने शराब 'घोटाला' मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी टुटेजा को किया गिरफ्तार

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में 2,000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने 2003 बैच के अधिकारी को शनिवार को रायपुर स्थित आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू)/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के कार्यालय से हिरासत में लिया, जहां वह और उनके बेटे यश टुटेजा इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे।

## प्रियंका गांधी का पीएम पर तंज, चुटकी बजाकर रोक देते हैं युद्ध तो महंगाई कम क्यों नहीं करते

राजनांदगांव। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी राजनांदगांव के ग्राम मोहड़ पहुंची। जहां कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही हैं।

मंच पर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कवासी लखमा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक दलेश्वर साहू और अन्य पदाधिकारी मौजूद हैं।

प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की आपकी जो धरती है वह खास धरती है, 5 साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही है, भूपेश बघेल ने यहां काम किया अभी भाजपा की सरकार है आप समझ गए होगे की कांग्रेस ने क्या काम किया। भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस शासन काल में सभी काम हुए अभी आप भाजपा काल में देख रहे हैं क्या हो रहा है।कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अपनी मेहनत से यहां के लोगों ने कामयाब प्रदेश बनाया है। आपके प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, पांच सालों में प्रदेश के लिए बहुत काम किया गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया।प्रियंका गांधी ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महगाई क्यों कम नहीं हुई, देश में महिलाओं के साथ आत्याचार किया गया, अपने क्यों कुछ नहीं किया। प्रियंका गांधी ने मोहड़ के सभा में प्रधानमंत्री पर साधा निशाना।जनसभा को



संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा की मेरे किसान भाई बैठे हैं, कितना सहोगे, खेती से किसान मजबूत होता था आज क्या हो रहा है। मोदी जी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते, हाथरस में, असम में महिलाओं पर अत्याचार हुआ मोदी जी ने मुंह फेर लिया, मोदी जी ने अत्याचारियों को बचाया है, बड़े-बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था आंदोलन कर रहा था पीएम घर से बाहर नहीं निकले उनकी बात सुनने। दुनिया के सबसे लागू कर सकते हैं।

## कोई भी पश्चिम बंगाल में सीएए को लागू होने से नहीं रोक सकता : राजनाथ सिंह

मालदा (पश्चिम बंगाल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भाजपा अपने वादों को पूरा करती है, इसलिए कोई भी पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू होने से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं है बल्कि धार्मिक आधार पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से विस्थापित लोगों को भारतीय नागरिकता देने का कानून है। मालदा उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार खगेन मुर्मू के समर्थन में यहां एक रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, "कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस या वामपंथी दल चुनाव के दौरान कई वादे करते हैं, जो पूरे नहीं होते हैं, लेकिन भाजपा अपने वादों को पूरा करती है।" उन्होंने कहा कि शेष भारत के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भी सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता। सिंह ने कहा, "ममता दीदी (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) कहती हैं कि वह अपने राज्य में सीएए को लागू नहीं होने देंगी।

नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)
विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941






## संपादकीय

### मिठास का वार

हाल के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है। जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है। लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। अन्य विकासशील देश फिलीपीन्स में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई। ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया। जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है।यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। इससे उन्हें एक अलग से खुशी का अहसास होता है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है।

# दवा नियामकों के कामकाज की समीक्षा जरूरी

**पतंजलि आयुर्वेद ने इस कानूनी केस का हवाला देकर आड़ ली और अपना काम जारी रखा। उक्त नियम 2018 में एक संशोधन के जरिए जोड़ा गया था। इसके तहत स्वास्थ्य संबंधी दावों पर विज्ञापन जारी करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेना जरूरी है।खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों में मशहूर हस्तियों द्वारा प्रचार एक अन्य मुज़्य चुनौती है। इस मामले में भी, खाद्य सुरक्षा नियामक का रुख ढीला-ढाला है। न्यूट्रास्यूटिकल्स और फूड सप्लीमेंट वह समस्या क्षेत्र है, जिस पर फौरी ध्यान देने की जरूरत है। मीडिया परिदृश्य के बदले स्वरूप और विज्ञापन के सीधे एवं असीधे ढंग के मद्देनजर हमें दवाओं, खाद्य उत्पाद और सप्लीमेंट्स से संबंधित विपणन और विज्ञापनों पर बने तमाम कानून एवं नियमों की बृहद पुनर्समीक्षा करनी होगी। इसमें भारतीय चिकित्सा पद्धति भी शामिल है। भ्रामक विज्ञापन, दावों और संभावित खतरनाक उत्पादों के प्रचार में मशहूर हस्तियों द्वारा अनुमोदन पर बने कानून को और कड़ा करना भी जरूरी है। केंद्रीय एवं राज्यों के खाद्य एवं दवा नियामकों के कामकाज की समीक्षा होनी चाहिए। उन्हें यथेष्ट संसाधन मुहैया करवाए जाएं। पतंजलि आयुर्वेद मामला तमाम संबंधित विभागों के लिए आंख खोलने वाला है।**



पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापनों की तार्किकता को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जारी कानूनी लड़ाई ने अनेकानेक कारणों से काफी जिज्ञासा जगाई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पतंजलि के कर्ता-धर्ताओं बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अदालत की अवमानना के लिए निजी तौर पर पेश होकर बार-बार माफी मांगने पर जोर देना अभूतपूर्व है। इस मामले में अंतिम फैसला अभी आना बाकी है लेकिन अब तक हुई सुनवाई से तमाम संबंधित पक्ष यानी दवा निर्माता, नियामक, सरकार और सबसे ऊपर, उपभोक्ता के लिए कई अहम सबक सीखने को हैं।


इस मामले के केंद्र में है दवा एवं जादुई उपचार (एतराज योग्य विज्ञापन) कानून 1954, दवा एवं प्रसाधन कानून-1940 और तत्पश्चात 1945 में बनाए नियम। 1954 में बना कानून कुछ दवाओं के विज्ञापन पर रोक लगाता है और कुछ स्थितियों में दवाओं का प्रचार कैसे किया जाए, इसको नियंत्रित करता है। जिन रोगों के इलाज को लेकर विज्ञापन देने पर रोक है उनमें कैंसर, मधुमेह, बच्चा न होना, एड्स, मोटापा, समय पूर्व बुढ़ापा, अंधता इत्यादि हैं। यह कानून विशेष तौर पर उन भ्रामक विज्ञापनों के लिए है जिनमें रोग को ठीक करने हेतु चमत्कारी इलाज या किसी दवा की प्रभावशीलता को लेकर झूठे अथवा बढ़ा-चढ़ाकर किए दावे हों। यह कानून केंद्र सरकार को इन प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शक्ति प्रदान करता है। भारत में दवाएं, प्रसाधन, मेडिकल उपकरण और अन्य संबंधित उत्पादों का उत्पादन, वितरण और बिक्री के लिए 1940 का कानून और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम, मुख्य प्रावधान हैं।पतंजलि का अपने अनेकानेक जड़ी-बूटी आधारित उत्पादों के बारे में दावा है कि इनसे रोग पूरी तरह 'ठीक' हो जाते हैं, इनमें डायबिटीज़, थायरॉयड समस्या और यहां तक कि कैंसर भी शामिल है। कोविड-19 महामारी के दौरान, इसने कोरोनिल नामक उत्पाद जारी किया और कोविड 'ठीक' करने का दावा किया। इस उत्पाद की लॉन्चिंग में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन भी उपस्थित थे। जब इसकी प्रभावशीलता को लेकर सवाल उठे तो मार्किटिंग पैंतरे के तहत दावे को 'उपचार' से 'प्रबंधन' बताना शुरू कर दिया। अनेकानेक रोगों को ठीक करने का दावा करते अपने विज्ञापनों में पतंजलि संस्थान इलाज की आधुनिक मेडिकल व्यवस्था को निशाना बनाने लगा। यह कहकर कि उसके पास ठीक करने वाला कोई इलाज नहीं है। इसने न केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को असहज किया बल्कि भारतीय मेडिकल संगठन (आईएमए) को भी। इन्होंने पतंजलि आयुर्वेद को दो दवा कानूनों के उल्लघंन करने के लिए अदालत में घसीटा, जहां पर पतंजलि को चेतावनी मिली। तथापि, अदालत की सरासर अवमानना करते हुए, इस संस्थान ने अपने भ्रामक विज्ञापन जारी रखे।दवाओं, उपायों और स्वास्थ्य से संबंधित भ्रामक विज्ञापन एक बड़ी समस्या है और इस काम में पतंजलि आयुर्वेद ही एकमात्र नहीं है। भारत भर में अखबार और टेलीविज़न चैनल (एक विशेष वक्त पर) पर ऐसे विज्ञापनों और प्रायोजित सामग्री की भरमार है, जिनमें हरेक रोग के इलाज और उपचार को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, फिर चाहे यह कब्ज हो या हृदय रोग। ऑनलाइन मंच जैसे कि यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऐसे चिकित्सकों, कंपनियों की बाढ़ आई हुई है और यह करना कानून का पूरी तरह उल्लंघन है। तथाकथित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स भी संभावित खतरनाक स्वास्थ्य उत्पादों के प्रचार में शामिल हो गए हैं। हालांकि, बड़ी दवा कंपनियां भी सीधे ढंग से विज्ञापन देने से बचती हैं लेकिन उन्होंने भी चोर रास्ते निकाल रखे हैं, जिसमें पैसे देकर बनवाई-चलवाई खबरें, मेडिकल सम्मेलनों को प्रायोजित करना और चिकित्सकों को अपनी दवाएं लिखने की एवज में उपहार देना इत्यादि शामिल है। कुछ साल पहले, स्वयं भारतीय मेडिकल संघ पर कुछ उत्पादों की प्रभावशीलता और नैतिकता संबंधी पक्ष पर ध्यान दिए बिना उनका अनुमोदन करने का इल्जाम लगा था।हम लोग इस स्थिति में इसलिए नहीं हैं कि हमारे कानून नाकाफी या नख-दंतहीन हैं। बल्कि इसलिए हैं क्योंकि सरकार द्वारा इनकी अनुपालना करवाने में ढीलढाल की जाती है। नियामक एवं नियंत्रण करने वाले संस्थानों ने मुंह फेरना तय कर रखा है। कानून भी पुराने पड़ चुके हैं और इनमें समय-समय पर सुधार नहीं किया गया। इनकी प्रासंगिकता को लेकर बनी अनेक कमेटियों ने इन्हें और अधिक कड़ा बनाने की जरूरत बताई है। बेशक बदलाव की प्रक्रिया में समय लगता है किंतु वर्तमान प्रावधानों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग न करने के पीछे क्या वजह है। लेखक ने वर्ष 2008 में रामदेव द्वारा एचआईवी-एड्स को लेकर किए दावों पर सवाल उठाए थे। अम्बुमणि रामदॉस जो कि स्वयं प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री थे, ने रामदेव को इस बाबत मंत्रालय से नोटिस भी जारी करवाया था। लेकिन जल्द ही उन्होंने भी यू-टर्न लिया ।

और गुरुग्राम में रामदेव द्वारा आयोजित योग शिविर में भाग लिया, वहां रामदेव ने फिर से एचआईवी-एड्स को ठीक करने के अपने दावे दोहराए। बृंदा करात, जो उस वक्त मार्क्सवादी पार्टी से सांसद थीं, उन्होंने भी उत्तराखंड सरकार से भ्रामक विज्ञापनों का मसला उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मौजूदा मामले में, केंद्र और राज्य सरकार नियामक एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई में ढिलाई बरती है और आपसी मिलीभगत से पतंजलि को अतिरंजित विज्ञापन देने की खुली छूट दिए रखी। केरल के स्वास्थ्य एवं आरटीए कार्यकर्ता डॉ. बाबू केवी ने पतंजलि के खिलाफ सिलसिलेवार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, उन्होंने पहले उत्तराखंड सरकार के राज्य लाइसेंस प्राधिकरण को लिखा कि वह बताए गए विज्ञापनों को हटवाए, लेकिन न तो पतंजलि आयुर्वेद ने अपना रवैया बदला और न ही उस पर कोई कार्रवाई की गई जबकि विभाग के पास अमल करवाने की शक्ति है। इतना ही नहीं, बल्कि प्राधिकरण ने पतंजलि को चोर रास्ता भी मुहैया करवाया। पतंजलि आयुर्वेद को जारी किया नोटिस 1954 के कानून के तहत न होकर दवा एवं प्रसाधन कानून की एक धारा विशेष के अंतर्गत बनाया गया, जिसको लेकर मुंबई उच्च न्यायालय में मामला पहले से लंबित है।

# मतदाता चुनावी प्रक्रिया में नोटा और वीवीपीएटी की कमियों को साझा करें

गोंदिया ।लोकसभा सीटों पर अनेक अपीलों के बावजूद केवल कुल एवरेज करीब 60.03 फ़ीसदी मतदान हुआ जो रेखांकित करने वालीबात है। जबकि इस मतदान प्रतिशत को हमें 90 फ़ीसदी के पार लेकर जाना है जिसके लिए हमें इसकी कमियों व चुनावी प्रक्रिया की कमियों को ढूंढना लाजमी भी है।हालांकिअगला मतदान 26 अप्रैल 2024 से 1 जून 2024 तक चलेगा और 4 जून को रिजल्ट घोषित होगा। मैंने आज 19 अप्रैल2024 के प्रथम चरण में भंडारा गोंदिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कियातो मुझे महसूस हुआ कि दो चुनावी प्रक्रियाओं के नियमों में तात्कालिक बदलाव करने की चुनाव आयोग को जरूरत है। सबसे पहले नियम 64 के प्रावधान के अनुसार नोटा के नियम में बदलाव जरूरी है, चुनाव आयोग को इस आशय के नियम बनाने चाहिए कि यदि नोटा को बहुमत मिलता है, तो विशेष निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनाव को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा और निर्वाचन क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। उस परिस्थिति में, चुनाव आयोग यह कहते हुए नियम भी बना सकता है कि जो उम्मीदवार पहले चुनाव लड़ चुके हैं, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए या उन्हें कम से कम कुछ समय के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए, जैसा कि चुनाव द्वारा तय किया जा सकता है। नोटा मतदाताओं के लिए अधिक शक्ति की मांग करते हुए, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने फिर से चुनाव को प्रोत्साहित किया, जब गुजरात विधानसभा चुनाव, 2017 में 5.5 लाख से अधिक मतदाताओं ने नोटा को वोट दिया था। उन्होंने कहा था मेरी राय में, नोटा बहुत अच्छा है; हमें यह कहना चाहिए कि यदि नोटा वोटों के एक निश्चित प्रतिशत को पार कर जाता है; उदाहरण के लिए, यदि विजेता और हारने वाले के बीच का अंतर नोटा वोटों से कम है, तो हम कह सकते हैं कि हमें दूसरे दौर का चुनाव कराना चाहिए। दूसरा वीवीपीएटी का नियम जिनको अब तक चुनाव आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किसी भी पांच मतदान केन्द्रों की सभी वीवीपीएटी पर्चियां को गिनती करवाता है, जो अभी मेरा सुझाव है कि सभी 100 फ़ीसदी मतदान केंद्रों की गिनती करवाई जानी चाहिए, ताकि पारदर्शिता व ईवीएम के प्रति लोगों का विश्वास बड़े वैसे इस संबंध में केस सुप्रीम कोर्ट में जा चुका है,नोटिस जारी हो चुके थे और 18 अप्रैल 2024 को 5 घंटे सभी पक्षों की सुनवाई के बाद अब फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। चूंकि मैंने 19 अप्रैल 2024 को मतदान किया और महसूस किया कि आओ हम मतदाता



चुनावी प्रक्रिया में नोटा और वीवीपीएटी कीकमियों को साझा करें,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,क्या चुनावी प्रक्रिया में नोटा और वीवीपीएटी केवल नाम मात्र है?साथियों बात अगर हम प्रथम चरण में दिनांक 19 अप्रैल 2024 को मेरे मतदान अनुभव की करें तो,मैं दोपहर 3 बजे अपने पूरे परिवार सहित वोट करके आया जिसमें वोटिंग करते समय मैं वीवीपीएटी पर भी ध्यान दिया वोट सत्यापन प्रणाली (वीवीपीएटी) मतदाता देख सकते हैं कि जिसको ईवीएम में वोट दिया उसको गया या नहीं, वोटिंग देते समय वीवीपीएटी में मेरे वोटिंग वाले प्रत्याशी का इमेज उसमें आया और हॉर्न बजते ही वीवीपीएटी में पर्ची कटी और गिरी ऐसा मैने देखकर महसूस किया। मुझे बहुत अच्छा लगा और महसूस हुआ कि इससे मतदाताओं का विश्वास पूरा बढ़ेगा। मतदान बूथ पर सुरक्षा चाकचौबंद अच्छा दिखा उम्मीद थी,वोटिंग का प्रतिशत बहुत बढ़ेगा लेकिन 56 प्रतिशत के आसपास ही रहा।ईवीएम में जनता का विश्वास बढ़ाने,चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता सुनिश्चित करने वीवीपीएटी पर्चियों का हंड्रेड पर्सेंट मिलान करने को रेखांकित करना अत्यंत ही जरुरी है।साथियों बात अगर हम नोटा की करें तो, निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी मामले में नोटा के मतों की संख्या चुनाव में शामिल अन्यउम्मीदवारों के मतों से अधिक हैं, तो नियम 64 के प्रावधान के अनुसार अन्य उम्मीदवारों के बीच जिस उम्मीदवार को अधिक मत मिले हैं, उसे निर्वाचित घोषित किया जाएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग मशीन में नोटा का भी बटन लगाया जाता है।नोटा का बटन चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के बाद सबसे आखिरी में होता है। यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने के बाद अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं देना चाहता है, तो उसके लिए उपरोक्त में से कोई नहीं या नोटा के बटन का विकल्प भी रहेगा।इस बटन का उपयोग करने वाले मतदाताओं की गोपनीयता भंग नहीं की जाएगी, बता दें लोकसभा चुनाव के दौरान कोई वोटर मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद (पहचान सुनिश्चित होने के बाद) अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं देना चाहता, तो उसके लिए कोई नहीं' या नोटा के बटन का विकल्प भी रहेगा। इसको दबाने पर किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मत अंकित नहीं होगा।साथियों बात अगर हम वीवीपीएटी के रोचक तथ्यों की करें तो वीवीपैट के बारे में रोचक तथ्य (1)वीवीपैट पर्ची 7 सेकंड के लिए प्रदर्शित होती है, इसके बाद यह स्वचालित रूप से कट जाती है और वीवीपैट के सीलबंद ड्रॉप बॉक्स में गिर जाती है (2) वीवीपीएटी को बैटरी की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि यह पावर पैक बैटरी पर चलता है(3) सामान्य तौर पर एक वीवीपैट के वोटों को गिनने में एक घंटे का समय लगता है।(4)वीवीपीएटी को पहली बार सितंबर 2013 में नागालैंड के तुएनसांग जिलेमें नोकसेन विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में तैनात किया गया था।(5) वीवीपीएटी में एक प्रिंटर और एक वीवीपीएटी स्टेटस डिस्प्ले यूनिट (वीएसडीयू) होता है।साथियों बात अगर हम वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता द्वारा राहत मांगने की करें तो, याचिकाकर्ता ने चार राहतें मांगी हैं,(द्व) प्रतिवादी ईसीआई अनिवार्य रूप से सभी वीवीपैट पेपर पर्चियों की गिनती करके वीवीपैट के माध्यम से मतदाता द्वारा डाले गए रूप में दर्ज किए गए ।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## पांच भाषाओं में बन रही फिल्म 'तंगलान' का फर्स्ट लुक जारी



जियो स्टूडियोज और स्टूडियो ग्रीन फिल्म्स के बैनर तले पांच भाषाओं में बन रही फिल्म 'तंगलान' का फर्स्ट लुक भारतीय सिनेमा के प्रतिष्ठित अभिनेता 'चियान' विक्रम के जन्मदिन के अवसर पर 17 अप्रैल को जारी कर दिया गया है। विक्रम तमिल सिनेमा के शीर्ष अभिनेताओं में से एक हैं जिनके बहुत बड़े प्रशंसक वर्ग हैं और उन्हें उनकी विविध भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। साउथ के चर्चित अभिनेता 'चियान' विक्रम एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, सात बार फिल्मफेयर पुरस्कार विजेता हैं और उन्होंने अपने प्रदर्शन के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार से पांच पुरस्कार जीते हैं। अपनी प्रतिबद्धता और व्यावसायिकता के लिए अत्यधिक सम्मानित, विक्रम 'सेतु', 'कासी', 'ढिल्ल', 'धूल', 'जेमिनी', 'सामी', ' आय', 'रावणन', 'देवथिरुमगल', 'इरु मुगन', 'कोबरा', 'महान', 'पोन्नियिन सेलवन 1 और 2', 'अन्नियन', 'पिथा मगन', जैसी प्रसिद्ध फिल्मों के लिए बेहद लोकप्रिय हैं। 1900 के दशक की शुरुआत में ऐतिहासिक कोलार गोल्ड फील्ड्स की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'तंगलान' वास्तविक जीवन की घटनाओं की अपनी सम्मोहक कहानी के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। इस फिल्म का संगीत निर्देशन जी.वी. प्रकाश कुमार ने किया है। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज की सुश्री ज्योति देशपांडे और स्टूडियो ग्रीन फिल्म्स के श्री के.ई. ज्ञानवेलराजा द्वारा किया गया है। तमिल सिनेमा के बेहद लोकप्रिय फिल्मकार पा. रंजीत द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'तंगलान' जल्द ही विश्व स्तर पर तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज होगी।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# गठबंधन पर मानसिक जीत हासिल कर गया एनडीए

## पंकज कुमार मिश्रा, व्यंग्यकार / पत्रकार जौनपुर, यूपी

पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार बंद हो चुका था और अब वोटर की बारी थी ऐसे में जमुई लोकसभा सीट पर गठबंधन नें अपने पैर पर खुद कुल्हाड़ी मार ली। चुनाव का प्रचार-प्रसार खत्म होनें से पहले एक जनसभा में दो दिन पूर्व तेजस्वी यादव की सामूहिक सभा के दौरान भीड़ की तरफ से चिराग पासवान की मां को लेकर गंदी-गंदी गालियां दी गई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पहले कई दिनों से महागठबंधन के नेताओं के द्वारा अपने-अपने उम्मीदवारों को लेकर ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं भी की गई जिसमें एनडीए के खिलाफ जहर उगला गया।वायरल जनसभा वीडियो लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने इस मामले में मीडिया के सामने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी घोर निंदा की। चुनाव प्रचार खत्म होने और पटना जाने से पहले चिराग पासवान में मीडिया को बुलाकर गाली वाले वीडियो के बारे में बताते हुए तेजस्वी यादव पर अपनी भड़ास निकाली। यहां तक पूरा मामला भारत के चुनाव आयोग और राष्ट्रीय एससीएसटी आयोग को लिखित में तेजस्वी यादव और अन्य राजद नेताओं की शिकायत दर्ज कराई गई है साथ ही साथ जमुई थाना में



चिराग पासवान के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ! चिराग ने कहा कि मैं अगर तेजस्वी जी की जगह होता और कोई उनके परिवार को अगर गाली देता और मेरे पार्टी या कार्यकर्ता से संबंधित होता तो मैं मुंहतोड़ जवाब देता। मेरे लिए आदरणीय राबड़ी देवी भी मां समान हैं और मैं कतई फर्क नहीं करूंगा। उनकी और मेरी मां, उनकी बहनों के लिए उतना ही सम्मान है जितना मेरी अपनी बहनों के लिए है। राजनीतिक लड़ाई राजनीतिक मंच पर मैं लड़ूंगा और डटकर लड़ूंगा, पर अगर कोई राबड़ी देवी को मेरे सामने ऐसा बोला तो मैं मुंह तोड़ जवाब देता। इस तरह चिराग पासवान नें गठबंधन को बैकफुट पर धकेल दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए की तरफ से पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चिराग पासवान ने जमुई में एलजेपीआर के प्रत्याशी अरुण भारती के लिए प्रचार और चुनावी सभा की। दूसरी तरफ महागठबंधन के राजद के उम्मीदवार अर्चना रविदास के पक्ष में तेजस्वी यादव ने जमुई में अलग ङ्क अलग जगहों पर लगातार 10 सभाएं और रोड शो की। चिराग पासवान ने कहा कि यह सभ्य समाज का उदाहरण नहीं हो सकता, चिराग पासवान ने दुख जताते हुए कहा कि उन्हें तकलीफ है कि मंच पर उनका छोटा भाई तेजस्वी यादव भी मौजूद थे. मां सिर्फ मेरी ही नहीं उनकी भी है, जो पारिवारिक रिश्ता है, जिसका उन पर आरोप भी लगता है कि वह लालू परिवार से बेहतर रिश्ता निभाते हैं. चिराग ने कहा कि मेरे नेता मेरे पिता रामविलास पासवान का संबंध लालू जी से रहा है. दोनों समकक्ष और साथी रहे हैं. बचपन में हम तेजस्वी के साथ खेले हैं। राजनीतिक मतभेद एक तरफ, दोनों ने इस खूबसूरती से निभाया है, पर ऐसे में उन्हीं के सामने मेरे परिवार के लोगों को गाली दी जाती है एक के बाद एक सेल्फ गोल कर रहा लालू परिवार, पीएम को जेल, चिराग को गाली और अब नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है! पर बावजूद उसके वह वहां पर खड़े रहें, सुनते रहें, एक शब्द उन्होंने बोलना जरूरी नहीं समझा, यह याद दिलाता है, उस दौर की जिस दौर की याद लोगों को ना आए इसलिए उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव ने 2020 के चुनाव में अपने पिता की तस्वीर हटा दी थी, लोगों को जंगलराज की याद ना आए इसलिए तमाम बैनर पोस्टर से अपने ही पिताजी की तस्वीर हटा दी थी। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है, उस सभा में तेजस्वी यादव भाषण दे रहे थे, इस दौरान राजद के पूर्व मंत्री विजय प्रकाश के सामने ही भीड़ की तरफ से विजय भैया विजय भैया कह कर चिराग हाथ जोड़कर कार्यकर्ताओं को समझाने लगे।

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com




प्रेक्षकों ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर जांच कर रही स्टैटिक टीम का निरीक्षण किया

# आयोग से नामित चार व्यय प्रेक्षक पहुंचे कानपुर

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले जिले में प्रत्याशियों के खर्च का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग से नामित चार व्यय प्रेक्षक शहर पहुंचे। प्रेक्षकों ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर जांच कर रही स्टैटिक टीम का निरीक्षण किया।

इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थित में सहायक व्यय प्रेक्षक, स्नस्ज्ञ, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी एवं विभिन्न प्रर्वतन विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ शुक्रवार देर रात तक बैठक कर कड़े निर्देश दिए। अगर जांच में दस लाख से अधिक धनराशि जब्त होती तो तुंरत आयकर विभाग को सूचित करें। सभी टीमें अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

प्रेक्षकों ने चुनाव में खर्च संबंधित शिकायत के लिए अलग-अलग मोबाइल नंबर भी जारी किया।

उन्होंने कहा कि अगर किसी को चुनाव संबंधित शिकायत करनी है तो इन नंबरों पर मैसेज कर सकते हैं। नगर सीट के प्रेक्षक नयनज्योति नाथ (9454325318), अनिरूद्ध (7839489210) अकबरपुर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक आकाश शंकर चौगले (9454970748), वाई विष्णु वर्धन (8887148626) पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्रेक्षकों ने तैयारियों को परखा

लोकसभा निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह से जुटा है। नगर सीट के व्यय प्रेक्षक नयन ज्योतिनाथ, अनिरुद्ध व अकबरपुर सीट के व्यय प्रेक्षक आकाश शंकर, वाई विष्णु वर्धन रेड्डी गुरुवार रात में शहर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने शहर के अलग-अलग स्थानों का भ्रमण कर चुनाव की गतिविधियों को परखा। प्रेक्षकों ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक विधानसभा में 24 घंटे निगरानी करने के लिए 9-9 टीमें तैनात की है। पूरी निगरानी के साथ जांच करना है उसका पूरा लेखाजोखा तैयार करें। किसी तरह की लापरवाही न हो। वीडियो सर्विलांस टीम जनसभा, जुलूस, नामांकन जुलूस में जो भी वाहन शामिल हो उसका रजिस्ट्रेशन नंबर व मॉडल नंबर जरूर रिकॉर्ड करें और कितने वाहन शामिल थे। इसके बाद अवलोकन टीम गंभीरता से उसकी जांच करे जिससे वास्तविक व्यय को प्रत्याशी के व्यय से जोड़ा जा सके। जिन विधानसभा क्षेत्रों में टीमों ने कोई कार्रवाई नहीं की है, उनकी गंभीरता से समीक्षा करें।

# कराटे एसोसिएशन की राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता शुरू

9 से 13 मई तक देहरादून में होने वाली ऑल इंडिया कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। करاटे एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश की तरफ से राज्य स्तरीय करاटे प्रतियोगिता का आयोजन सिटी में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी जीतेंगे । वह आगामी 9 से 13 मई तक देहरादून में होने वाली ऑल इंडिया करاटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे कानपुर जिले की टीम में छत्रपति शाहूजी महाराज के सीनियर खिलाड़ी कैडेट एवं जूनियर खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं । जिसमें टीम काता में पूजा, अनुराधा, रसिका तथा इंडिविजुअल काता में मानसी मौर्य तथा इंडिविजुअल काता में आर्यन राज वर्मा प्लस 84 वर्ग में विशी विजय कुमार इंडिविजुअल कुमिते में पवन राज एवं जयंत तथा बालिका वर्ग में कैडेट में 14 से 15 में श्रेया तथा यशी और इंडिविजुअल पूजा भारती अर्पिता चायनित हुई टीम प्रशिक्षक विजय कुमार के अंडर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है । आज रात टीम लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगी। खेल सचिव डॉ.आशीष कटियार तथा विभाग अध्यक्ष डॉक्टर श्रवण कुमार नवनियुक्त खेलसचिव डॉ प्रभाकर तथा निमिषा मैडम और अन्य प्रशिक्षक गोविंदा मोहित, राहुल, अश्विन, सौरभ तिवारी, शोभित, सोनाली, आशी, तेजिंदर आदिवासी शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मोटिवेट किया।



# कार्यक्रमों ने बदहाल की ऐतिहासिक नाना राव पार्क की सूरत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ऐतिहासिक नाना राव पार्क कंपनी बाग को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर जबरदस्त तरीके से रौंदा गया अगर कहा जाए तो गंदगी फैलाने में और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में कोई भी कसर शेष नहीं बची।नाना राव पार्क पर्यावरण मित्र परिषद के महामंत्री चंदन राय गर्ग में बताया कि पिछले कई वर्षों के संघर्षों के पश्चात आज नाना राव पार्क जिस खूबसूरती के साथ अपनी हरियाली और फुलवारी आमजन मानस के मन को मोह रहा है वही दूसरी तरफ कुछ ऐसे कार्यक्रम जो राजनीति के भेद चढ़े हुए हैं । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नई दिल्ली द्वारा लगाई गई रोक के बावजूद पार्क को कुछ कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आवंटित किया जाता है जिसमें प्रमुख रूप से बाबा भीमराव अंबेडकर जी का जन्म दिवस है जिसमें बहुत बड़ा मेला आयोजित होता है सैकड़ो स्टाल लगाए जाते हैं भंडारे चलाए जाते हैं हजारों लोगों की भीड़ आती है प्रतिबंधित पानी के प्लास्टिक वाले गिलास इस्तेमाल होते हैं गंदगी और बदबू के कारण नियमित घूमने आने वाला मॉर्निंग वॉकर परेशान होता है आज सुबह मॉर्निंग वॉक के समय गंदगी को देखकर आम जनमानस में बहुत ही ज्यादा रोष था और सभी लोगों की एक ही मांग है कि पार्क के अंदर किसी भी तरह का कोई भी आयोजन किसी भी हाल में नहीं होना चाहिए संस्था के पदाधिकारीयों ने पार्क में ही बैठक कर तय किया कि महानिदेशक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नई दिल्ली से शिकायत करेंगे यदि उन्होंने पार्क को संरक्षित करने के लिए अहम कदम नहीं उठाए तो संस्था पिछली बार की तरह थोक पटाखा बाजार को हटवाने के लिए जनहित याचिका का सहारा लिया गया था वैसे ही पार्क में हो रहे आयोजनों को रोकने के लिए जनहित याचिका के माध्यम से इलाहाबाद उच्च न्यायालय की तरफ जाने पर विचार करेगी। बैठक में मुख्य रूप से पवन भार्गव (अध्यक्ष) चंदन राय गर्ग (महामंत्री) संजय मेहरोत्रा (कोषाध्यक्ष) विकास मेहरोत्रा (उपाध्यक्ष) बबलू राजपूत अनिल गुप्ता मुकेश शाह किरण वर्मा सहित संस्था के काफी सारे सदस्य मौजूद थे



## चिकित्सको ने बीमारियों की गम्भीरता के विषय में डाला प्रकाश

कानपुर। आई0एम0ए0 कानपुर द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन आईएमए सेमिनार हाल परेड में किया गया। यह पत्रकार वार्ता इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन एवं मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम द्वारा आयोजित सीएमई प्रोग्राम के संबन्ध में की गई। इस सीएमई प्रोग्राम ( मैं मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दीपक सरीन, जो की अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है के विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस पत्रकार वार्ता को आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी, चेयरपर्सन वैज्ञानिक सब कमेटी डॉ. ए. के. त्रिवेदी, डॉ. अखिलेश शर्मा, उपाध्यक्ष, डॉ. कुणाल सहाय सचिव, डॉ. मनीष निगम वैज्ञानिक सचिव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, वित्त सचिव और डॉ. गौरव मिश्रा, संयुक्त वैज्ञानिक सचिव, आईएमए कानपुर ने संबोधित किया।आई0एम0ए0 कानपुर की अध्यक्ष डा0 नंदिनी रस्तोगी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इन बीमारियों की गम्भीरता के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मनीष निगम वैज्ञानिक सचिव आई0एम0ए0 कानपुर ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के आईएमए के सचिव डॉ कुणाल सहाय ने दिया।

# व्यापारियों के उत्पीड़न नक़द राशि सीमा 50 हज़ार से एक लाख रुपए करने के लिए सौपा ज्ञापन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के तत्वाधान में द्वितीय चरण में पुलिस कमिश्नर को अनुरोध पैट्रेल देने के बाद चेकिंग के नाम पर व्यापारियों के उत्पीड़न एवं नक़द राशि सीमा को 50 हज़ार से बढ़ा के एक लाख करने के लिए ज़िलाधिकारी कार्यालय में ज़िलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसीएम 6 को ज्ञापन दिया गया !मण्डल अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार ने ज़िलाधिकारी प्रतिनिधि को पीढ़ा बताई कि खुदरा, छोटे लघु, माइक्रो एवं एमएसएमई उद्योग से संबंधित व्यापारी भयवश ख़रीद बिक्री से बच रहे हैंहमारी अर्थ व्यवस्था देहात एवं कृषि आधारित है और इस राशि सीमा से 70 त्न तक व्यापारिक गतिविधियों ठप्प है ।अमूमन सत्तर अस्सी हज़ार की ख़रीद बिक्री बेहद मामूली और आम लघु खुदरा व्यापारी के यहाँ का आम लेनदेन है ।अगर नक़द राशि सीमा एक लाख कर दी जाती है तो आम व्यापारी को बहुत राहत मिलेगी क्योकि आसपास के व्यापारी ना के बराबर ख़रीद बिक्री के लिए आ रहे हैं ।व्यापार मंडल ने गुहार की कि अगर यही हालात रहे तो मई माह तक अर्थ व्यवस्था की बेहद भयावह स्थिति हो जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में सिद्धार्थ काशीवार, आनंद गुप्ता, अजय प्रकाश तिवारी, नरेश कटेरिया, सनमदीप सिंह, अजयजयसवालआनंदी, सुमितकुमार, मयूर जयसवाल, विकास कुमार, रुद्र सोनकर, शुभम श्रीवास, बटेश्वर गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विशाल भटनागर आदि उपस्थित रहे !



# अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन की तरफ से बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की पुण्यतिथि का किया गया आयोजन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। इलेक्ट्रिक लोको शेड में बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन की तरफ से किया गया इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित होकर के बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर वरिष्ठ खंड अभियंता सुनील यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा मुख्य वक्ता के रूप में मोहम्मद्जावेद रहे। जिन्होंने यह कहा कि जो भी प्रेरणा पुरुष हैं उनके कार्यों से हमको प्रेरणा लेनी चाहिए और उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन शाखा मंत्री अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन बाल गोविंद साहू द्वारा किया गया। अध्यक्ष आनंद सिंह, उपाध्यक्ष साजन यादव, कोषाध्यक्ष राज बहादुर अहीर, कार्यकर्ता संजय कुमार, अनिल साहनी तथा अन्य पिछड़े वर्ग के शेड के कर्मचारी उपस्थित रहे।






## पनकी में दर्ज यह मुकदमा खत्म नहीं किया जाएगा तो चुनाव के बाद बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी: अमिताभ बाजपेई

कानपुर, जिस प्रकार से बजरंगबली बाबा ने रावण का अहंकार तोड़ा था। उस प्रकार से अधिकारियों का अहंकार तोड़ने के लिए आशीर्वाद पनकी दरबार में लिया। पनकी थाने में दर्ज मुकदमे की गिरफ्तारी देने के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई ने पनकी मंदिर में जाकर दर्शन किए उसके पश्चात दंडवत करते हुए पनकी थाने की ओर बढ़े तो प्रशासनिक अधिकारियों ने अनुरोध किया कि मांगपत्र हमें सौंप दें ।अधिकारियों से मांग की गई कि अर्मापुर में हुई मूल घटना के दौरान डीसीपी विजय ढुल एवं सम्राट विकास के बीच हुई झड़प का मूल वीडियो जारी किया जाए। वीडियो अवलोकन के पश्चात किसकी गलती है यह सुनिश्चित किया जाए। सपा नेताओं के ऊपर पार्टी, धर्म एवं जाति के आधार पर मुकदमे कायम



# भोले को जिताने के लिए पूरी क्षमता के साथ जुटेगा एनडीए गठबंधन




कानपुर, भाजपा अकबरपुर लोकसभा केंद्रीय कार्यालय पर एनडीए गठबंधन की बैठक में भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने के लिए गठबंधन के सारे घटकों द्वारा हुंकार भरी गई। एनडीए गठबंधन में सुहेल देव पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी, अपना दल एस के जिला अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष राज निषाद, राष्ट्रीय लोकदल देहात के जिला अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, राष्ट्रीय लोकदल ग्रामीण अध्यक्ष विजय शंकर लाल, अपना दल आईटी सेल के आशीष सिंह, श्याम नारायण मौर्य, रोहित गुप्ता, अंकिता सचान प्रदेश मीडिया प्रभारी अपना दल एस ने संयुक्त बैठक में कहा हमारा एनडीए गठबंधन पूर्ण ईमानदारी के साथ भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार सांसद देवेंद्र सिंह भोले को जिताने के लिए लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा में भाजपा के साथ तालमेल बिठाकर निचली इकाई तक बैठके करेंगे। संचालन करते हुए एनडीए गठबंधन के संयोजक सुरेश गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने कहा मोदी को तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बनाने व देवेंद्र सिंह भोले को तीसरी मर्तबा अकबरपुर लोकसभा से भारी मतों से जिताने के लिए हम लोग घर-घर संपर्क करेंगे। एनडीए गठबंधन की महिलाएं घरों घरों में जाकर महिलाओं को भाजपा की उपलब्धियां बताकर उन्हें भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने व कराने की बात करेंगी। एनडीए गठबंधन के संयोजक सुरेश गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने कहा 18 तारीख को अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के नामांकन में एनडीए गठबंधन भारी संख्या के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले ने नामांकन कराया

## भोले के नामांकन में उमड़ी भीड़



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के नामांकन में शामिल होने के लिए एकत्र हुई भीड़ व वाहनों से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। सभा स्थल के चारों तरफ लग रहा जाम भीड़ की संख्या बताने के लिए पर्याप्त थी। जहां मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग असीम अरुण सहित जिले प्रदेश के तमाम नेता मंच पर मौजूद रहे। मंच पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को गिनाते हुए भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जिताने की बात कही। वक्ताओं ने कहा अयोध्या में रामलला यदि आज विराजमान है तो इसमें आपकी एक वोट की ताकत है। प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कहा भारत की एक सौ चालीस करोड़ जनता प्रधानमंत्री मोदी का परिवार है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने अकबरपुर लोकसभा में पिछले दो बार से मिल रहे जनता के आशीर्वाद के लिए उनका अभिनंदन किया वंदन किया आभार प्रकट किया। मंच का संचालन अनिल दीक्षित ने व अध्यक्षता पूर्व सांसद जगतवीर सिंह द्रोण ने की। अकबरपुर लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा ने बताया नामांकन के लिए प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले भारी भीड़ के साथ परमट से पैदल कचहरी तक गए। जहां कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावकों के साथ नामांकन पर्चा भरा। मंच पर व नामांकन के लिए पैदल कचहरी तक जाने वालों में प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष प्रदेश सरकार सतीश महाना, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमलता कटियार, महापौर प्रमिला पांडे, कानपुर नगर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटिहार, सरोज कुरील, जय कुमार जैकी, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला, दीपू पांडे, शिवराम सिंह, पूर्व विधायक आर पी कुशवाहा, पूर्व विधायक गणेश दीक्षित, विधायक अरुण पाठक, पूर्व मेयर रवींद्र पाटनी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, सुरेश गुप्ता, सुरेश अवस्थी, दिनेश राय, उमेश निगम, शीलू पांडे मौजूद रहे।

# व्यापारी लोकसभा चुनाव में होंगे निर्णायक: अभिमन्यु गुप्ता

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। माल रोड में आयोजित बैठक में समाजवादी व्यापार सभा ने कानपुर की सभी बाजारों में अभियान चलाकर सपा सरकार में व्यापारियों के लिए किए गए कार्यों को बताने और व्यापारियों से ज्यादा से ज्यादा मतदान इंडिया गठबंधन के पक्ष में करने की अपील करने का निर्णय लिया ।साथ ही व्यापारियों के बीच शत प्रतिशत मतदान की अपील भी की जाएगी ।समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष/प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व्यापारियों के लिए किए गए कार्य और व्यापारियों से अपील की पुस्तक तैयार की गई है और प्रदेश के हर लोकसभा के बाजार में इस पुस्तक का वितरण किया जाएगा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जितवाने की अपील की जाएगी ।इस ही कड़ी में कानपुर में भी इसका वितरण किया जाएगा ।अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की सपा व्यापार सभा बाजारों में दुकानदारों,रेहड़ी और पटरी वालों के बीच पुस्तक वितरण कर के अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी ।अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की व्यापारियों के बीच नेता मुलायम सिंह यादव जी और अखिलेश यादव जी की सरकार में व्यापारियों के लिए किए गए कार्यों को बताया जाएगा ।अभिमन्यु ने बताया की नेताजी ने अपने कार्यकाल में व्यापारियों के लिए चुंगी प्रथा और आवश्यक वस्तु कानून की धारा 3/7 खत्म करके वे व्यापारियों के मसीहा बन गए थे ।पहली बार खुल के प्रदेश के मध्यम वर्गीय और छोटे व्यापारियों को किसी ने ऐसी राहत देने का काम किया था ।अखिलेश की सरकार में हर सेक्टर में विकास हुआ ।पुस्तक में व्यापारियों से अपील की गई है की समाजवादी पार्टी ने ही व्यापारियों के हित में कार्य किया हैं और व्यापारियों की हर समस्या को केवल समाजवाड़ी पार्टी ने ही उठाया है ।अपील में भाजपा के व्यापारी विरोधी चेहरे को उजागर किया जाएगा ।सपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता, प्रदेश सचिव विवेक श्रीवास्तव दीपू, ॠषि राज अग्रवाल, विनय कुमार, साकिफ कुरैशी, काले खान, सरफराज अहमद आदि थे।



# अग्नि सुरक्षा को अपने दैनिक कार्यों में शामिल कर राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दे



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एमकेयू लिमिटेड श्याम नगर, और रूमा युनिट में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा प्रबंधन विषय पर एक प्रशिक्षण व मॉक ड्रिल आयोजित की गई शिविर का शुभारम्भ डारेक्टर सुमित खंडेलवाल ने किया प्रशिक्षण लखन शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन ने दिया। लखन शुक्ला ने बताया ड्रिल के दौरान काल्पनिक फायर का वास्तविक फायर फाइटिंग किया गया। जिसमे कम्पनी की फायर सेफ्टी टीम रेस्कू टीम प्राथमिक उपचार टीम व साइड सेफ्टी टीम ने अपना प्रदर्शन किया लखन शुक्ल ने बताया कि सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग मॉक ड्रिल के माध्यम से करते रहना चाहिए जिससे उपकरणों की क्रियाशीलता पता चलती है लखन शुक्ल ने बताया किसी घटना के तीन कारण लापरवाही अज्ञानता जल्दबाजी है।

शुक्ल ने बताया आग ऑक्सीजन ईंधन तथा उचित ताप के मिलने पर ही लगती है। इन तीन तत्व में किसी एक को कम या हटा दे तो आग पर काबू पाया जा सकता है साफ सफाई का सुरक्षा से गहरा सम्बन्ध है जितनी बेहतर सफाई होगी हम उतना सुरक्षित होंगे आग को बुझाने की दृस्टि से 5 भागो में बाटा गया है ए- लकड़ी कोयला कागज यानि ठोस पदार्थो की आग बी- तरल पदार्थो की आग सी -गैस की आग डी-,धातुओ की आग ई- बिजली की आग के बारे में बताते हुए फायर सिलेंडर के उपयोग की विधि का भी डैमो दिया साथ ही घायल अवस्था में पट्टी बांधने से खून बहने पर रोकने के तरीके बताए, सीपीआर और घायलों के ट्रांसपोर्टेशन का भी डेमो दिया इस अवसर पर सुमित खंडेलवाल, शोभित खंडेलवाल, आलोक तिवारी, वीके सिंह, अशोक पांडे प्लांट के कर्मचारी सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# राजनीतिक दबाव में हो रहा है दिव्यांग व्यक्ति का उत्पीड़न

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने आज पत्रकार वार्ता में दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से पुलिस के माध्यम से दबाव बनवाकर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि किदवई नगर थाना अन्तर्गत राजेश कुमार शुक्ला का शैलेन्द्र मिश्रा से बिल्डर एग्रीमेन्ट हुआ था। जिसमें तय हुआ था कि भूतल में कोई भी मकान तब तक नहीं बनेगा जब तक के0डी0ए0 से नक्शा नहीं पास हो जायेगा। बिल्डर शैलेन्द्र मिश्रा ने यह कहकर कि भूतल का के0डी0ए0 से नक्शा पास हो गया है अवैध रूप से भूतल में 2 बी0एच0के0 का फ्लैट बना लिया है और झूठ बोलकर सरदार गुरदीप सिंह को विक्रय कर दिया है। जब दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला ने बिल्डर शैलेन्द्र मिश्रा से के0डी0ए0 से पास नक्शे की छायाप्रति मांगी तो उन्होंने कहा कि नक्शा पास नहीं हुआ है। उसके बाद दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला ने बयाने के रूप में प्राप्त 7,50,000/- रूपया गुरदीप सिंह को चेक व नकद वापस कर दिया।




के0डी0ए0 से नक्शा पास न होने के कारण भूतल का मकान बेंचना अवैध होता है, के0डी0ए0 कभी भी उस फ्लैट को गिरा सकता है। रूपया वापस करने के बाद भी गुरदीप सिंह दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से दुबारा रूपया वसूली के लिए भाजपा नेता जसविंदर सिंह के माध्यम से पुलिस पर दबाव बनवाकर उत्पीड़न कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अनेकों बार प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस कमिश्नर को भी इस सम्बन्ध में पत्र दिया गया है। लेकिन पुलिस पर नाजायज दबाव बनाकर आय दिन दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से रूपया वसूली का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेता जसविंदर सिंह के प्रभाव के कारण किदवई नगर पुलिस दिव्यांग व्यक्ति के विरूद्ध रिपोर्ट लगा रही है। भाजपा नेता जसविंदर सिंह के सहयोग से सरदार गुरदीप सिंह ने दिनांक 15.04.2024 को अपार्टमेन्ट में अपना सामान रखकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पुलिस सच्चाई को दरगिनार कर रही है और पुलिस द्वारा दिव्यांग व्यक्ति से यह कहा जा रहा है कि सरदार गुरदीप सिंह का रूपया वापस कर दो। जबकि रूपया जरिये चेक पहले ही वापस हो चुका है ।वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर वरिष्ठ अधिकारी से जांच करवाने की मांग की जायेगी और मामले में दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला को न्याय न मिला तो 15 मई से दिव्यांग उत्पीड़न के विरोध में आन्दोलन किया जायेगा।

आज की प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, राजेश कुमार शुक्ला, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, रोली शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी आदि शामिल थे।

## नि:संतान दम्पतियों के लिए आशा की किरण है पीआरपी थेरेपी

कानपुर।ओब्स एंड गाइनी व सोसाइटी के तत्वाधान में व शिवानी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ कानपुर के साथ एक गोष्ठी का आयोजन होटल रॉयल क्लिफ में किया गया। डॉ. मीरा अग्निहोत्री मुख्य संरक्षिका कानपुर ओब्स एंड गाइनी व कानपुर ने बताया कि नवीनतम अनुसंधान और प्रौद्योगिकियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य और प्रजनन क्षमता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह विकास महिलाओं के लिए नई आशा की किरण लेकर आया है। चिकित्सा विज्ञान एक नए युग की ओर अग्रसर हैं. जहां स्वास्थ्य और प्रजनन संबंधी चुनौतियों का समाधान संभव है।डॉ. नीलम मिश्रा अध्यक्ष कानपुर सोसाइटी, ने बताया कि बाँझपन का कारण केवल अंडे कम या नहीं बनना ही नहीं बल्कि उनका निषेचन के बाद सही प्रकार से बच्चे दानी में न पनपना भी है। इसके लिए बच्चेदानी का आतंरिक स्वास्थ्य अच्छा होना आवश्यक है जिसके ख़राब होने के बहुत से कारण हैं जैसे गर्भपात में अधिक सफाई हो जाना या टी. बी. संक्रमण इत्यादि। बाँझपन के इलाज में इन दोनों चीजों पर ध्यान देना आवश्यक है।

# व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नगर निगम से संबंधित समस्याओं का एक ज्ञापन उपनगर आयुक्त अवेश को नगर निगम कार्यालय पर दिया गया कानपुर महानगर में कलेक्टर गंज क्षेत्र में सैकड़ो वर्षों से बनी बाजार परिसरमे कमर्शियल कंपलेक्स बनाने के संबंध में व्यापारियों ने कहा कि पहले वहां पर व्यापार कर रहे दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से भूमि उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय को सुचारू रूप से चलने दिया जाए उसके बाद नगर निगम अपनी योजना को लागू करें कानपुर नगर में नगर निगम द्वारा बनाई गई दुकानों पर किराए को अत्यधिक वृद्धि की गई है इसके संबंध में भी मांग की गई की किराए को काम किया जाए तथा कानपुर महानगर में विभिन्न बाजारों में नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था करी जाए जिस शहर में लगने वाले जाम पर लगाम लग सके! कानपुर महानगर में आवारा पशु की संख्या अत्यधिक बढ़ रही है जिस पर भी मांग की गई कि पर नियंत्रण किया जाय ज्ञापन में कलेक्टरगंज संयुक्त व्यापार मंडल, शिवाला व्यापार मंडल, मेरी कंपनी व्यापार मंडल, शीशामऊ पी रोड पर मंडल लाल बंगला व्यापार मंडल के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से रामेश्वर गुप्ता लाला भैया, राजेश कुमार गुप्ता प्रदीप गुप्ता, सुशील गुप्ता, बृज बिहारी वर्मा रामकुमार सिंह ओमप्रकाश चौटाला, विराट गुप्ता, सुभाष दुबे, अरविंद गुप्ता, आनंद ओमर, संजीव अग्रवाल, धर्मेंद्र त्रिवेदी, मयंक यादव अप्पू, हिमांशु राठौर, रंजीत राठौर, विजय राठौड़, अंकुश साहू राजेश अरोड़ा सोनू राठौर आनंद गुप्ता सुशील कुमार गुप्ता गुड्डू दीपू जयसवाल आदि तमाम लोगों उपस्थित रहे।



# श्रीराम नवमी और पवित्र माह नवरात्रि में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो झूमे भजन कीर्तनों के साथ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्रीदुर्गा मन्दिर 11 ब्लॉक गोविन्द नगर कानपुर में श्रीदुर्गा मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य रामनवमी नवरात्रि महोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया , विशाल माता की चौकी के आयोजन में अमृतसर पंजाब से आए मास्टर सिकन्दर (सारेगामापा विजेता) ने अपने भजनों से सभी भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया ।वृंदावन से आई गायिका भाविका शर्मा ने भी खूब रौनक लगाई। गायक पंकज चोपड़ा द्वारा गाए भजन मां तूने मुझे बुलाया शेरा वालीए के भजन पर भक्त भावुक हो गए। मन्दिर के चैयरमैन श्रीविजय कपूर जी ने माता के जागरण की पूजा जाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष गुलशन कपूर ने मास्टर सिकन्दर को माता की चुनरी पहना कर भजनों की शरुआत कराई ।मन्दिर के महामंत्री सुरेन्द्र सराफ जी ने माता की चौकी पर आए हुए सभी का स्वागत किया व भक्तो प्रसाद वितरित किया। श्याम लाल मूल चंदानी ( मीडिया प्रभारी) ने आए सभी कलाकारों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कपूर ( चेयरमैन) श्री गुलशन चावला (अध्यक्ष) सुरेंद्र सराफ (महामंत्री) श्याम लाल मूल चंदानी (मीडिया प्रभारी) ओंकार नाथ मल्होत्राराकेश आनन्द, नवदीप उप्पल, हर्ष चावला, राजू कपूर, राजू ढल, रिंकू, पंकज ग्रोवर, अशोक गांधी निशी मल्होत्रा आदि सैकडो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



# नल का कनेक्शन अभी, पानी बाद में, कर्नाटक के आदिवासियों को आधे-अधूरे प्रलोभनों से फुसला रहे नेता



बेंगलुरु। लोकसभा चुनाव से पहले, छह महीने पहले, जल जीवन मिशन के तहत, प्रत्येक घर को एक नल कनेक्शन दिया गया था और अधिकांश को पीएम जनमन के तहत 400 वर्ग फुट के पक्के घर स्वीकृत किए गए हैं ड्ड कुछ ने निर्माण शुरू कर दिया है। वहीं दूसकी तरफ बात की जाए तो एक छोटे से कमरे में बंद होकर लगभग पांच से छह घंटे तक सीखना बच्चों के लिए अपेक्षित नहीं हो सकता है। लेकिन यह स्पष्ट है कि 3 से 10 वर्ष की आयु के लगभग सात बच्चे, नागरहोल गड्डे हादी में शानदार नई आंगनवाड़ी के अंदर बैठकर वास्तव में खुश हैं, यह बस्ती नागरहोल के जंगलों में जेनु कुरुबा जनजाति के लगभग 60 परिवारों की बस्ती है। इसी की सच्चाई आज जमीनी स्तर पर कैसी है इसके बारे में यहां बताया गया है। कर्नाटक में नागरहोल के जंगलों में जेनू कुरुबा जनजाति के करीब 60 परिवारों की बस्ती नागरहोल गड्डे हाडी वर्षों से कई बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है और चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक दलों के नेता यहां के मतदाताओं को आधे-अधूरे प्रलोभनों के जरिये फुसलाने की कोशिश करते हैं। बस्ती में एक नयी आंगनवाड़ी में बैठे तीन से 10 वर्ष की आयु के बच्चों की खुशी जाहिर है। बच्चे जानते हैं कि यह एक विशेषाधिकार है जो उनसे पहले किसी को नहीं मिला। यह आंगनवाड़ी वन्य बस्ती में बनी इकलौती पक्की संरचना है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्जा जे के भाग्या ने बताया कि 12 फुट लंबा और 12 फुट चौड़ा यह कमरा कई वर्षों की खुशामद के बाद संभवतः चुनाव नजदीक आने के कारण पिछले साल जुलाई में बना था। उन्होंने बांस की एक संरचना दिखाते हुए कहा, ''हमें शौचालय भी मिल गया है। इससे पहले हम खुले में काम कर रहे थे।'' इस बस्ती के प्रमुख जे के थिम्मा ने बताया कि जेनू कुरुबा समुदाय दशकों से मूलभूत सुविधाओं जैसे कि भूमि अधिकार, पानी तथा बिजली तक पहुंच के लिए सरकार से लड़ रहा है। थिम्मा 'नागरहोल बुडाकट्टू जम्मा पाली हक्कुस्थापना समिति' के भी अध्यक्ष है जिसके बैनर तले यह समुदाय अक्सर अपने बुनियादी अधिकारों की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन करता है। नागरहोल बाघ अभयारण्य की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, यह वन 45 आदिवासी बस्तियों या जेनू कुरुबा, बेट्टा कुरुबा, येरावास और सोलिगा समुदायों के 1,703 परिवारों का घर है। इसमें कहा गया है कि वन में रह रहे आदिवासियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं बनायी हैं। हालांकि, थिम्मा का कुछ और ही कहना है।

उन्होंने कहा, ''वर्षों तक, उन्होंने हमें कुछ भी न देकर इन जंगलों से निकालने की कोशिश की है। इतने वर्षों में, हम यह सीख गए हैं कि कागज पर कई कल्याणकारी योजनाएं हैं लेकिन इनका लाभ बमुश्किल ही हम तक पहुंचता है। हमारे साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय से निपटने के लिए 2006 में वन अधिकार कानून पारित किया गया।'' थिम्मा ने कहा, ''हमने 2009 में इसके प्रावधानों के अनुसार, अपने आवेदन जमा कराए थे लेकिन हम अब भी इंतजार कर रहे हैं। जिन लोगों को इन योजनाओं को लागू करने के लिए नौकरी पर रखा गया है उन्हें वक्त पर अपना वेतन मिल जाता है लेकिन हमें बमुश्किल ही ये लाभ मिल पाते हैं।''

अब लोकसभा चुनाव से पहले जल जीवन मिशन के तहत छह महीने पहले प्रत्येक घर को नल कनेक्शन दिया गया और ज्यादातर को पीएम जनमन के तहत 400 वर्ग फुट पक्का मकान की स्वीकृति दी गयी है। जे एस रामकृष्ण (43) ने कहा, ''लेकिन अभी तक नल में पानी नहीं आ रहा है। मुझे उम्मीद है कि हमें अगले चुनाव तक पानी मिल जाएगा।'' नागरहोल से करीब 70 किलोमीटर दूर एक छोटे से शहर इरुमद में रहने वाले लोगों के लिए स्थिति अलग नहीं है। यहां रहने वाले कुरुम्बा ने हड्डी जोड़ने के अपने पारंपरिक कौशल के कारण स्थानीय लोगों और आसपास के शहरों में प्रसिद्धि हासिल की है। कुरुम्बा की एक बस्ती 'कुडी' में चुनाव का जिक्र आते ही आदिवासी हंसी उड़ाते हैं। हालांकि, वे जानते हैं कि यही वह समय है जब उन्हें अपनी मांगों पर सबसे ज्यादा जोर देना है। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव के समय अपनी मांगों को उठाने वाले इरुमद को पानी और बिजली तथा पक्का मकान मिल गया है। कर्नाटक में 26 सीटों पर लोकसभा चुनाव दो चरणों में 26 अप्रैल और सात मई को होगा।

## बसपा ने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की, बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला होंगी जौनपुर से प्रत्याशी

मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में 11 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। मायावती ने जेल में बंद गैंगस्टर से नेता बने धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को जौनपुर सीट से टिकट दिया। मायावती ने वाराणसी सीट से अतहर जमाल लारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ खड़ा किया। बसपा ने 11 लोकसभा क्षेत्रों ड्ड वाराणसी, जौनपुर, बलिया, गाज़ीपुर, बदायूँ, बरेली, सुल्तानपुर, फर्रुखाबाद, बांदा और डुमरियागंज के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने मैनपुरी से अपना उम्मीदवार बदलकर शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतारा है।बहुजन समाज पार्टी की सूची में मैनपुरी से शिव प्रसाद यादव (परिवर्तित), बदायूँ से मुस्लिम खान, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रुखाबाद से क्रांति पांडे, बांदा से मयंक द्विवेदी और डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन को टिकट दिया गया है। इसके अलावा बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से श्रीकला सिंह (धनंजय सिंह की पत्नी), ग़ाज़ीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी बसपा से चुनावी मैदान में उतरे हैं।मायावती ने देश में धर्म और हिंदुत्व की आड़ में अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि देश की जनता इस लोकसभा चुनाव में नाटक, जुमलेबाजी या गारंटी के झांसे में नहीं आएगी। पीलीभीत और मुरादाबाद में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए बसपा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में सत्ता में आने पर अन्य पार्टियों के विपरीत उनकी पार्टी जमीनी स्तर पर ठोस काम करेगी।

## किराने की दुकान से एक्सपायर्ड चॉकलेट खाने के बाद पंजाब के बच्चे को खून की उल्टी हुई



पंजाब में एक डेढ़ साल की बच्ची को कुछ चॉकलेट खाने के बाद खून की उल्टी हुई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना लुधियाना की है। लड़की के एक रिश्तेदार के बयान के मुताबिक, वह अपने परिवार के साथ उनसे मिलने पटियाला गई थी। उसके जाने पर रिश्तेदार ने उसे स्नैक्स का एक डिब्बा उपहार में दिया था, जिसमें चॉकलेट भी थी।लड़की की मेडिकल जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि वह एक्सपायर्ड चॉकलेट खाने के बाद बीमार पड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। बाद में घटना की सूचना राज्य स्वास्थ्य विभाग और पुलिस को दी गई।जिस दुकान से स्नैक बॉक्स खरीदा गया था, वहां पहुंचने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की कि दुकान में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बेची जा रही है। दुकान से अन्य एक्सपायर्ड स्नैक्स भी जब्त किये गये।मामले की जांच चल रही थी।इस साल मार्च में, पंजाब के पटियाला में एक 10 वर्षीय लड़की की उसके जन्मदिन पर केक खाने के बाद संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण मृत्यु हो गई।उनके परिवार के अन्य सदस्य भी बीमार पड़ गये थे लेकिन बच गये।परिवार ने राज्य स्वास्थ्य विभाग से कार्रवाई की मांग की, और बाद में पता चला कि जिस बेकरी से केक का ऑर्डर दिया गया था वह पंजीकृत नहीं था और नकली नाम से चल रहा था। यह भी पता चला कि ऑर्डर किया गया केक बासी था।

## उत्तर प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं, डिंपल यादव बोलीं- सरकार जो कहती है वो कर नहीं पा रही

समाजवादी पार्टी की मैनपुरी सीट से प्रत्याशी डिम्पल यादव ने कहा कि रामनवमी की प्रथा सदियों से चली आ रही है और आगे भी चलती रहेगी। हम सभी ने पूजा की, कन्या पूजन कियाज्निश्चित तौर पर इस बार जीत हमारी होगी। लोग समझ रहे हैं कि मौजूदा सरकार जो कहती है वो नहीं कर पा रही। उत्तर प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। इससे पहले डिंपल यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। डिंपल के नामांकन के समय समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव और शिवपाल सिंह यादव मौजूद थे।



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है, अब फिर कह रहा हूं कि पश्चिम (पश्चिमी यूपी) से इस बार बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने किसान को धोखा दिया है। उन्होंने कहा था कि किसानों की आय दोगुनी होगी, लेकिन सरकार एमएसपी देने में भी विफल रहीज्इस बार '400-पार' नहीं बल्कि 400-हार' उनकी होने जा रही है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है, सारे भ्रष्टाचारी अब वहीं हैंज् यह सरकार संस्थानों के साथ खेल रही है। अगर संस्थाएं कमजोर होती हैं तो लोकतंत्र भी कमजोर होता है। बता दें कि सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के तीसरे दौर में सात मई को मैनपुरी में मतदान होगा। सपा संस्थापक और अपने ससुर मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त हुई मैनपुरी सीट पर डिंपल यादव ने 2022 के लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी।

# योगी का बुलडोजर इस बार विपक्ष की उम्मीदों पर चला, यूपी में सभी 17 मेयर सीटों पर बीजेपी की जीत



समाजवादी पार्टी और इसके मुखिया अखिलेश यादव के लिए उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव बुरे स्वप्न की तरह रहे। सीएम योगी द्वारा यूपी के चहुंमुखी विकास के खिलाफ बयानबाजी और माफिया के समर्थन के चलते प्रदेश की जनता ऐसी खफा हुई कि उसने सपा को एक बार फिर 'शून्य' में पहुंचा दिया। पिछली बार की तरह इस बार भी समाजवादी पार्टी का नगर निगम चुनाव में खाता नहीं खुला। पिछली बार जहां 16 में 14 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया था तो दो में बसपा को जीत मिली थी। वहीं इस बार सभी 17 नगर निगमों में भाजपा के मेयर होंगे, जबकि समाजवादी पार्टी हाथ मलते रह गई। इन नतीजों से स्पष्ट हो गया कि यूपी को सिर्फ योगी पर ही यकीन है। वहीं अखिलेश यादव और सपा को प्रदेश की जनता ने सिरे से नकार दिया।

शनिवार को नगरीय निकाय के चुनावों के नतीजों में समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया। प्रदेश के सभी नगर निगमों पर भाजपा का कब्जा हो गया। ऐसा माना जा रहा था कि इन चुनावों में भाजपा को सपा से कड़ी टक्कर मिलेगी, लेकिन कुछ एक जगह छोड़कर सपा कहीं टक्कर में नहीं दिखी। सीएम योगी के विकास के बूते चुनावों में मजबूती से उतरी भाजपा को शुरुआत में आगरा में बसपा के सामने थोड़ी मुश्किल जरूर हुई, लेकिन वहां भी अंत में भाजपा बढ़त बनाने में कामयाब रही। नतीजों पर निगाह डालें तो 17 में से 10 स्थानों पर भाजपा ने सीधे सपा को शिकस्त दी, जबकि बाकी 7 स्थानों पर सपा तीसरे और चौथे नंबर पर नजर आई। हालत ये रही कि कई सीटों पर तो सपा के प्रत्याशी निर्दलीयों से भी पीछे रहे।

हम आपको बता दें कि 2017 में समाजवादी पार्टी ने सभी 16 नगर निगमों में अपने प्रत्याशी उतारे थे। लेकिन एक भी जगह पार्टी खाता खोलने में नाकाम रही। भाजपा ने जो दो सीटें गंवाई थीं, वहां भी उसे सपा नहीं, बल्कि बसपा के हाथों हार मिली। ये सीटें मेरठ और अलीगढ़ थीं। हालांकि, इस बार भाजपा ने इन सीटों पर भी कब्जा जमा लिया। 2017 में समाजवादी पार्टी का हाल ये था कि महज तीन सीटों पर ही उसके प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे थे, बाकी सभी सपा प्रत्याशी तीसरे या चौथे स्थान पर रहे थे।

देखा जाये तो 2017 में नगर निगम के चुनाव में करारी हार के बावजूद समाजवादी पार्टी ने सबक नहीं लिया। चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा लगा मानो सपा ने पहले ही हार स्वीकार कर ली। एक तरफ जहां सीएम योगी ने निकाय चुनावों में पूरी ताकत झोंक दी, तो वहीं समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव शुभ मुहूर्त का इंतजार करते रहे। वह जब चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतरे तब तक सपा का किला ढह चुका था। न अखिलेश की चुनावी रैलियों का कोई असर दिखा और न ही डिंपल यादव के रोड शो का। बल्कि जहां-जहां अखिलेश और डिंपल ने प्रचार किया, वहां सपा को और भी करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बड़े पैमाने पर किए गए विकास कार्यों का मजाक उड़ाना, उन्हें अपना बताना और माफिया के प्रति सॉफ्ट रुख दिखाना भी अखिलेश को महंगा पड़ा। अखिलेश के इन कृत्यों के चलते प्रदेश की जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया।

इस बार, पहली बार बने शाहजहांपुर में भी कमल ने कमाल कर दिया। यहां भी पहला नागरिक बनने का गौरव भाजपा उम्मीदवार अर्चना वर्मा को मिला। हम आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने यूपी की सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। इनमें से कानपुर, बरेली व मुरादाबाद में भाजपा ने निवर्तमान महापौर पर ही दांव लगाया था, शेष सभी सीटों पर नए कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारा था। यह भारतीय जनता पार्टी और योगी के प्रति आमजन का विश्वास है कि पार्टी के चार प्रत्याशियों ने दूसरी बार महापौर बनने का गौरव हासिल किया। कानपुर से प्रमिला पांडेय, मुरादाबाद से विनोद अग्रवाल और बरेली से उमेश गौतम अनवरत दूसरी बार महापौर बने, जबकि हरिकांत अहलूवालिया इसके पहले भी मेरठ के महापौर रह चुके हैं। झांसी में भाजपा के बिहारी लाल ने सबसे पहले जीत हासिल की। उन्हें कुल 123503 वोट मिले। वहां लड़ने वाले अन्य प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।

हम आपको यह भी बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने नगर निकाय चुनाव में कुल 50 रैलियां कीं। योगी आदित्यनाथ ने 9 मंडल के अंतर्गत आने वाली 10 नगर निगम क्षेत्रों में रैली की। पहले चरण में योगी आदित्यनाथ की कुल 28 रैली हुईं। इसमें गोरखपुर में 4, लखनऊ में 3 व वाराणसी में दो स्थानों पर रैली-सम्मेलन में योगी शामिल हुए। पहले चरण के 37 जिलों में 4 मई को मतदान हुआ। दूसरे चरण में सीएम योगी ने 22 रैलियां कीं। इसमें 9 मंडल की सात नगर निगमों के लिए वोट पड़े। यहां अयोध्या नगर निगम के लिए सीएम योगी दो बार पहुंचे। यहां संत सम्मेलन में भी सीएम की उपस्थिति जीत के लिए काफी कारगर रही।

विजेता महापौरों के नामों का जिक्र करें तो आपको बता दें कि लखनऊ से सुषमा खर्कवाल, गोरखपुर से डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, वाराणसी से अशोक तिवारी, प्रयागराज से गणेश चंद्र उमेश केसरवानी, अयोध्या से गिरीश पति त्रिपाठी, कानपुर से प्रमिला पांडेय, अलीगढ़ से प्रशांत सिंघल, मेरठ से हरिकांत अहलूवालिया, झांसी से बिहारी लाल आर्य, शाहजहांपुर से अर्चना वर्मा, सहारनपुर से अजय सिंह, मुरादाबाद से विनोद अग्रवाल, मथुरा-वृंदावन से विनोद अग्रवाल, गाजियाबाद से सुनीता दयाल, बरेली से उमेश गौतम, फिरोजाबाद से कामिनी राठौर और आगरा से हेमलता दिवाक का नाम शामिल है।

## यूपी में पहली बार राहुल-अखिलेश ने एक साथ की जनसभा, जातीय जनगणना पर रहा जोर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 20 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में मिनी स्टेडियम, गांधी प्रतिमा पर एक संयुक्त रैली को संबोधित किया। दोनों ने ढ्ढ.ह्न.ष्ठ.ढ्ढ. ब्लॉक के उम्मीदवार कुँवर दानिश अली के लिए प्रचार किया। पूर्व बसपा नेता और अमरोहा से मौजूदा सांसद अली लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए। राहुल गांधी ने कहा कि अगर विपक्ष की सरकार बनी तो चुनाव के बाद आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का 卐मासिक वेतन दोगुना卐 कर दिया जाएगा।

राहुल ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद खाली हैं। चुनाव के बाद हम ये पद युवाओं को देंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला किया और उस पर 卐बैंकों का सारा पैसा卐 कुछ अमीर लोगों को देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज 22 लोगों के पास देश की 70 करोड़ आबादी के बराबर पैसा हैज्पीएम नरेंद्र मोदी ने बैंकों का सारा पैसा उन्हें (22 लोगों को) दे दिया है।' इतना सारा पैसा कहां से आता है?ज् यह आपका पैसा है जो जीएसटी से आता हैज् ये अरबपति भारत में चीनी उत्पाद बेचते हैंज् छोटे पैमाने के व्यवसायी और कारीगर जो 'मेक इन इंडिया' को वास्तविकता बना सकते हैं, पीएम मोदी उनके लिए नोटबंदी और जीएसटी लेकर आए।



कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के अरबपतियों के बेटे जॉब मार्केट में जाने से पहले अप्रेंटिसशिप करते हैं और फिर वह स्थायी नौकरी में जाते हैं। मगर ये सुविधा देश के बेरोजगार युवाओं को कभी नहीं मिली। इसलिए हम एक नई योजना लाए हैं- 'पहली नौकरी पक्की'। इसमें हम हिंदुस्तान के सभी ग्रेजुएट, डिप्लोमा धारक को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रहे हैं। एक साल आपकी ट्रेनिंग सरकारी ऑफिस, प्राइवेट कंपनियों और पब्लिक सेक्टर में होगी और आपको 1 लाख रुपए मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में , दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग की आबादी कितनी है.. किसी को नहीं पता। क्योंकि सरकार नहीं चाहती कि आपको पता चले कि देश में आपकी भागीदारी कितनी है। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान की सबसे बड़ी 200 कंपनियों, मीडिया कंपनियों के मालिकों की लिस्ट में पिछड़े, आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे। लेकिन सरकार पिछड़े, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग के लोगों से पैसे लेकर चंद अरबपतियों के जेब में डालती है।

राहुल ने दावा किया कि जातिगत जनगणना ही हिंदुस्तान का एक्स-रे है, क्योंकि तभी पता चलेगा कि देश में किस वर्ग के कितने लोग हैं। लेकिन जब मैंने जातिगत जनगणना की बात की तो नरेंद्र मोदी और क्तस्ञ्ज्ञ के लोग विरोध में आ गए। हमारी सरकार आते ही हम जातिगत जनगणना कराएंगे, ताकि सबको पता चले कि देश में किसकी-कितनी भागीदारी है।

**अखिलेश यादव का हमला**

अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पार्टी जो पहले 'जुमले देती थी' और अब 'गारंटी दे रही है'। उन्होंने कहा कि मोदी जी सिर्फ जुमले लेकर आए थे, उन्होंने कहा था- किसानों की आए दोगुनी होगी।- हर साल 2 करोड़ नौकरी देंगे। उन्होंन दावा किया कि किसी को कुछ नहीं मिला। देश में आज भीषण बेरोजगारी है।

# भगवान शिव का मज़ाक उड़ाने वाले व्यक्ति की याचिका खारिज



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया पर भगवान शिव का मज़ाक उड़ाने वाले ओवैस खान नामक व्यक्ति की याचिका शुक्रवार को खारिज करते हुए कहा कि यह कृत्य न केवल भावनात्मक ठेस पहुंचाता है, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक समाज के मूलभूत मूल्यों को भी कमजोर करता है।अदालत ने कहा कि इस बात का स्पष्ट संदेश भेजना न्यायपालिका के लिए आवश्यक है कि इस तरह के कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खान ने अपने खिलाफ दाखिल आरोप पत्र को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की थी, जिसे खारिज करते हुए न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने कहा, एक लोकतांत्रिक देश में जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बहुत सम्मान दिया जाता है, यह समझना आवश्यक हो जाता है कि यह स्वतंत्रता पूर्ण नहीं है, बल्कि इसके साथ जिम्मेदारियां भी हैं जहां दूसरों की भावनाओं और आस्था का सम्मान करना सबसे जरूरी है।अदालत ने कहा, हमारे संविधान में प्रतिस्थापित धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत, विविध आस्था और पहचान रखने वाले लोगों के बीच पारस्परिक समझ और स्वीकार्यता के वातावरण का महत्व रेखांकित करता है। हमारे देश का धर्मनिरपेक्ष ताना बाना लोगों से मांग करता है कि वे ऐसे कार्य से बचें जिनसे किसी धार्मिक समुदाय को नुकसान हो।भारत के संविधान के अनुच्छेद 51ए पर जोर देते हुए अदालत ने कहा, यह हर नागरिक का मौलिक दायित्व है कि वह देश के सभी लोगों के बीच सौहार्द और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दे।

## सीएए पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भीड़ गई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के सियासी समर में अब रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री के बीच जंग छिड़ गई है। रक्षामंत्री ने सीएए कानून को हर हाल में लागू करने ऐलान किया है तो वहीं मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए इसे लागू नहीं होने देने का ऐलान किया हैपश्चिम बंगाल में चल रहे सियासी समर में अब सीएए पर संग्राम छिड़ गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच जुबानी घमासान हो रहा है। रक्षामंत्री ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के जलांगी इलाके में रैली करते हुए कहा कि सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जिन्होंने धार्मिक कारणों से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों को छोड़ दिया है। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी इसका विरोध कर सकती है लेकिन सीएए किसी भी कीमत पर लागू किया जाएगा। यह नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चैतन्य महाप्रभु की भूमि है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल धार्मिक तनाव को बढ़ावा दे रहा है।

पश्चिम बंगाल में अराजकता है।वहीं उत्तर बंगाल के पड़ोसी बालुरघाट इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए कहा कि वह देश में सीएए लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सीएए और एनआरसी को चुनौती देने के मेरे अधिकार पर सवाल उठा रहे हैं। वे कौन होते हैं मुझसे सवाल करने वाले? जब मैंने कहा कि हम सीएए और एनआरसी को लागू नहीं होने देंगे तो मेरा मतलब यही है।

## जमीनी कार्यकर्ता हैं भोले

कानपुर देहात के कंचौसी निवासी देवेंद्र सिंह भोले एक जमीनी नेता माने जाते हैं। उनकी अच्छी खासी पकड़ जनता में है। एक दौर ऐसा भी आया था जब उनको बसपा सरकार में मुकदमों का सामना करना पड़ा था तो एसपी कानपुर देहात कार्यालय धरना दिया था। बीजेपी का ग्राफ बढ़ा तो भोले की किस्मत एक बार फिर से चमकी। अकबरपुर लोकसभा से लगातार दूसरी बार सांसद हैं और तीसरी बार भी बीजेपी प्रत्याशी हैं। उनका इस बार चुना जाना तय माना जा रहा है। वह केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेहद करीबी माने हैं।

# दसवीं पास हैं भोले, 5 साल में बढ़ी 95 लाख की दौलत



- नामांकन में दिए शपथ पत्र में अपनी संपत्तियों और आय व्यय का खुलासा किया है
- भोल तीसरी बार अकबरपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी घोषित किए गए हैं

मूल रूप से कानपुर देहात के कंचौसी के रहने वाले देवेंद्र सिंह उर्फ भोले के पास वर्ष 2019 में 1.70 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति थी। 2024 में बढ़कर 2.70 करोड़ रुपए हो गई। वही पत्नी की वर्ष 2019 में 1.60 करोड़ रुपए थी और अब 2.08 करोड़ रुपए की संपत्ति हो गई है। लेकिन भोले की वार्षिक आय 12.84 लाख रुपए से घटकर 9.50 लाख रुपए हो गई। 5 वर्ष में पत्नी की आय बढ़ी पांच वर्ष में भोले सिंह की वार्षिक आय जरूर घटी है, लेकिन उनकी पत्नी की वार्षिक आय 2.52 लाख रुपए से बढ़कर 4.77 लाख रुपए हो गई है।

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले तीसरी बार मैदान में हैं। वह दसवीं पास हैं पांच साल में 95 लाख रुपए की संपत्ति बढ़ गई है। वहीं पत्नी की संपत्ति में 49 लाख रुपए की बढ़ोत्तरी हुई है। इस संपत्ति का जिक्र उन्होंने गुरुवार को नामांकन पत्र के दौरान दिए गए एफिडेविट पत्र में किया है।

मूल रूप से कानपुर देहात के कंचौसी के रहने वाले देवेंद्र सिंह उर्फ भोले के पास वर्ष 2019 में 1.70 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति थी। 2024 में बढ़कर 2.70 करोड़ रुपए हो गई। वही पत्नी की वर्ष 2019 में 1.60 करोड़ रुपए थी और अब 2.08 करोड़ रुपए की संपत्ति हो गई है। लेकिन भोले की वार्षिक आय 12.84 लाख रुपए से घटकर 9.50 लाख रुपए हो गई।

**5 वर्ष में पत्नी की आय बढ़ी**–पांच वर्ष में भोले सिंह की वार्षिक आय जरूर घटी है, लेकिन उनकी पत्नी की वार्षिक आय 2.52 लाख रुपए से बढ़कर 4.77 लाख रुपए हो गई है। भोले सिंह ने अपने शपथ पत्र में बताया कि आय का मुख्य स्त्रोत वेतन एवं कृषि भूमि, मकान का किराया है। भोले के पास 2.11 लाख रुपए नकदी है और पत्नी के पास 2.18 लाख रुपए है। वहीं भोले सिंह के बैंक खाते में 21.74 लाख रुपए बैंक खाते में जमा है। इनके नाम एक 11 लाख रुपए की कार है। 7.50 लाख रुपए का रुपये का सोना, चांदी है। पत्नी के पास 17.50 लाख रुपए का सोना, चांदी है। इसके अलावा कृषि भूमि, एक कॉमर्शियल और एक आवासीय प्लाट है।

# आसमानी धूप के बीच नामांकन की गर्मी

- कलक्ट्रेट में बीजेपी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्र ने दाखिल किया पर्चा
- बीजेपी ने नामांकन से पहले की जनसभा
- धूप के कारण बेहाल दिखे नेता

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लोकसभा चुनाव के नामांकन दाखिल करने का दौर चल रहा है। शनिवार को बीजेपी ने पूरी ताकत के साथ प्रत्याशी रमेश अवस्थी का नामांकन करवाया। इसके पूर्व हुई जनसभा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे। यहां पार्टी की उपलब्धियों को लेकर नेताओ ने अपने बखान किए। इस दौरान क्षेत्रिय उपाध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक सुरेंद्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, अभिजीत सिंह सांगा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं इंडी गठबंधन के आलोक मिश्र ने नामांकन करवाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सपा फजल मह्मूद, विधायक हसन रूमी सहित पूर्व विधायक संजीव दरियाबदी रहे।



नामांकन करने जाते बीजेपी प्रत्याशी रमेश अवस्थी



इंडी गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्र







अंदर जाने को लेकर पुलिस से झड़प करते दिखे नेता

## भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को लेकर बढ़ा विवाद

### प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा लेटर

कानपुर । यूपी की अहम लोकसभा सीट कानपुर पर भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को टिकट दिए जाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी अब सामने आने लगी है।

नामांकन से पहले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्?डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। इसमें प्रत्याशी घोषित किए जाने को लेकर कई सवाल उठाए गए हैं।

**पहले पत्र में क्या लिखा है पढ़िए मुख्य अंश...**

पत्र में प्रकाश शर्मा ने लिखा है कि भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता होने के नाते चर्चा करना चाहता हूं। जिस प्रकार से कानपुर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी को थोपा गया है, वह अचंभित और हतप्रभ कर देने वाला है। पार्टी, विचार, परिवार तो छोड़िए पूरा नगर स्तब्ध है। उनकी पार्टी में किसी भी स्तर पर कानपुर या और कहीं भी उनके किसी भी प्रकार का योगदान की जानकारी मेरे पास क्या किसी के पास नहीं है। आगे लिखा है कि वह कब कैसे पार्टी के कार्यकर्ता बने, पार्टी के लिए उनका क्या योगदान है, इसकी जानकारी शायद ही कानपुर में कोई बता पाए। इससे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में घोर निराशा है। चुनाव रणभूमि में जहां प्रत्याशी चुनाव प्रचार में आगे बढ़ चुके हैं। हम अभी परिचय में ही फंसे हुए हैं। ये भी लिखा है कि कार्यकर्ताओं के मन की बात को आपतक पहुंचाने का बीड़ा मैंने उठाया है। मुझे कार्यकर्ताओं ने ये भी कहा कि मैं भी चुप रहूं, हानि हो सकती है। लेकिन मुझे लगता है कि व्यक्तिगत हानि उठाकर भी सही बात आप तक पहुंचाना, मेरा दायित्व और कतर्व्य दोनों हैं।

# शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा पर ईडी का बड़ा एक्शन

## अटैच की 97 करोड़ की संपत्ति, एक्ट्रेस का बंगला भी जब्त



शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर ईडी ने बड़ा एक्शन लिया है। बिजनेसमैन की 97 करोड़ की प्रॉपर्टी ईडी ने अटैच कर दी है। ईडी की मुंबई ब्रांच ने पीएमएलएल एक्ट के तहत शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की कीमत की संपत्ति को अटैच किया है।

जब्त की गई संपत्ति में शिल्पा शेट्टी के नाम का जुहू में स्थित एक बंगला भी शामिल है। वहीं पुणे में मौजूद एक बंगले के अलावा राज कुंद्रा के नाम के कुछ शेयर भी ईडी ने अटैच किए हैं। ईडी ने ट्वीट करके खुद इसकी जानकारी दी है।

### शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के वकील का बयान

इस मामले में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के वकील प्रशांत पाटिल का स्टेटमेंट आया है। उन्होंने कहा, हम कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करेंगे और अपने क्लाइंट्स की लिबर्टी और प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए मनी लॉन्डरिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत जरूरी कदम उठाएंगे। मेरे क्लाइंट्स मिस्टर राज कुंद्रा और मिसेज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। हमें माननीय न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मेरा मानना ??है कि जब हम माननीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपना निष्पक्ष प्रतिनिधित्व करते हैं, तो जांच एजेंसियां ??भी हमें न्याय दे सकती हैं। हमें निष्पक्ष जांच पर भरोसा है। हम आवश्यकता पड़ने पर अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए कमिटेड हैं।

### एडल्ट फिल्म मामले में भी फंस चुके हैं राज कुंद्रा

राज कुंद्रा इससे पहले एडल्ट फिल्म मामले को लेकर भी जेल जा चुके हैं। 19 जुलाई, 2021 को राज कुंद्रा को 11 अन्य लोगों के साथ एडल्ट फिल्में बनाने के आरोप में जेल भेजा गया था। 2 महीने जेल में बिताने के बाद 20 सितंबर को मुंबई की एक अदालत ने एडल्ट फिल्म मामले में राज कुंद्रा को 50,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। राज कुंद्रा ने इन आरोपों का खंडन किया था और कहा था कि उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है।



## रामनवमी पर धारा ग्रीन इंफ्राटेक ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया अयोध्या में जहां भगवान श्री राम का सूर्याभिषेक किया गया तो वहीं पूरे प्रदेश में रामनवमी के दिन जगह-जगह भंडारों कीर्तन इत्यादि का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ के बाराबिरवा में फिनिक्स मॉल के पास धारा ग्रीन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने भी विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे की शुरुआत धारा ग्रीन के एमडी प्रशांत सोनी व अभिषेक श्रीवास्तव ने करी इस दौरान धारा ग्रीन की पूरी टीम मौजूद रही ! कंपनी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के दिन लखनऊ में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया था। कंपनी के सहयोगी धीरज दीवान बताते हैं कि कंपनी नवरात्रि, रामनवमी, जेठ माह के मंगल इत्यादि तिथियों पर भंडारे का आयोजन पिछले कई वर्षों से कराती आ रही है।

# कन्नौज : शराब के नशे में बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

## कन्नौज जिले के कोतवाली तिर्वा के बंशीपुर्वा गांव का मामला, ईंटों से हमलाकर पिता को उतारा मौत के घाट, एक अन्या घायल



कानपुर। कन्नौज ।एक दर्दनाक घटना में एक बेटे ने अपने ही पिता को नशा करने का विरोध करने पर मौत के घाट उतार दिया। बचाव में आया एक अन्य ग्रामीण घायल हुआ है ।मामला कन्नौज जिले की कोतवाली तिर्वा के गांव बंशीपुर्वा के बताया गया है ।जानकारी के मुताबिक उपरोक्त गांव निवासी सोनू उर्फ दयाराम शराब पीने के अलावा नाश का आदी है। रोजाना नशे के कारण ही परिवार में झगड़ा ओर मारपीट होना आम बात हो गई थी। परिवार के लोग भी सोनू के नशे के सेवन के कारण बहुत परेशान रहते थे। कई बार सोनू को परिवार के अलावा गांव की लोगों ने भी समझाया, लेकिन कोई सुधार नही हुआ ।आखिर नशे के सेवन ने जहां एक ग्रामीण की जान ले ली, वहीं एक जिंदगी को भी सलाखों के पीछे जिंदगी काटने को विवश कर दिया।



मृतक के छोटे बेटे ने दी जानकारी

बाटा दें, कि उपरोक्त गांव निवासी जसवंत सिंह पुत्र भजनलाल का पुत्र सोनू नशे के कारण अक्सर घर पर विवाद करता था। बीती रात भी सोनू ने शराब का सेवन किया। पिता जसवंत को जब पता चला तो उन्होंने सोनू को मना करते हुये विरोध किया ।पिता से स्वयं को अपमानित होता हुआ देख नशे की हालत में ही सोनू ने पहले पिता जसवंत के साथ मारपीट की, और उसके बाद ईंटों से हमलाकर पिता को लहूलुहान कर दिया ।गंभीर रूप से घायल पिता की पिटाई से जहां जसवंत ने दम तोड दिया। वहीं बीच बचाव में आये एक अन्य ग्रामीण मोहर सिंह को भी सोनू ने घायल कर दिया। घटना की सूचना से परिजनों में हड़कंप मच गया और जसवंत की मौत पर परिवार में कोलाहल मचने लगा ।घटना की सूचना पुलिस को दो गई, टू मौके पर पुलिस पहुंची। जांच पड़ताल करते हुये जसवंत के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है वहीं घायल ग्रामीण को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृतक के दूसरे बेटे सचिन ने बताया कि उनका भाई सोनू गलत संगत में पड़कर नशे का सेवन करने लगा था, और इस नशे ने ही परिवार से पिता का साया छीन लिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है ।जसवंत की मौत पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज में परिजनों का रोने बिलखने का सिलसिला जारी रहा।

## उन्नाव सांसद साक्षी महाराज का विवादित बयान

# चार बीवी चालीस बच्चे नहीं चलेगा नहीं चलेगा



**बीपीएस न्यूज**

उन्नाव। यूपी के उन्नाव जिले में सांसद साक्षी महाराज विधानसभा भगवन्त नगर के बीघापुर के एक कार्यक्रम पहुंचे, जहां उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी कानून बनेगा एक कानून बनेगा, देश में %चार बीबी चालीस बच्चे नहीं चलेगा नहीं चलेगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि दो काम और बाकी रह गया है, मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे तो दो काम कर के फिर आपके बीच में आएंगे। एक काम है जनसंख्या नियंत्रण कानून और दूसरा है हम दो हमारे दो हम दो हमारे एक। उन्होंने कहा है कि अब इस देश में चार बीबी चालीस बच्चे नहीं चलेगा। साक्षी महाराज ने कहा है कि जमीन कम होती जा रही है और जनसंख्या कम बढ़ती जा रही है। कहा रहेंगे क्या खाएंगे क्या पैदा करेंगे। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना राष्ट्रीय हित में आवश्यक है।

# हाईवे पर चार सौ सिलेंडर लदे ट्रक में लगी भीषण आग

## धमाकों से दहला बड़ा इलाका, घर छोड़कर भागे लोग



मुरादाबाद ।मुरादाबाद में काशीपुरा हाईवे पर शनिवार की दोपहर एलपीजी सिलेंडरों से भरे ट्रक में आग लग गई। इससे पूरा इलाका धमाकों से दहल उठा। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सिढावली के निकट दोपहर करीब डेढ़ बजे हादसा हुआ है। ट्रक में निकली चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते पूरा ट्रक आग की लपटों में घिर गया।

इससे पहले कि ड्राइवर और खलाली कुछ कर पाते सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गया। धमाकों को सुनकर आसपास के लोग घर दुकान छोड़कर भाग खड़े हुए। काफी दूर तक सिलेंडरों के फटने की आवाज और आसमान में उछल कर काफी दूर तक गिरते देखे गए।

सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल पहुंच गया और काफी पहले ही हाईवे पर दोनों दिशाओं में लगभग 4 किलोमीटर दूर ट्रैफिक रोक दिया गया है।

पूरे सिढावली गांव में जबरदस्त दहशत का माहौल है। कुछ लोग घरों को छोड़कर भाग गए हैं तो कुछ लोगों ने खुद को घरों में कैद कर लिया है। फिलहाल पुलिस के पास किसी के हताहत होने की सूचना नहीं पहुंची है।

फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई हैं लेकिन काफी देर तक आग कम होने का इंतज़ार किया जाता रहा। बताया जाता है कि ट्रक दिल्ली से आईजीएल फैक्ट्री काशीपुर बाजपुर रोड पर जा रहा था। ट्रक पर 400 सिलेंडर लदे थे। ट्रक को लेकर ड्राइवर गुलड़िया और सिडावली के बीच हाईवे पर खेत के बराबर में रुका था। इसी बीच वायरिंग से निकली चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने ट्रक के टायरों में चपेट में ले लिया। ट्रक की पूरी बॉडी भी जलने लगी तो लोगों में हड़कंप मच गया। सिलेंडर लदा होने के कारण लोग भाग खड़े हुए। कुछ देर में ही आग ने सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। सभी सिलेंडर धमाकों के साथ फटने लगे। कई सिलेंडर आसमान में उछलने के बाद काफी दूर जाकर गिरे। करीब एक घंटे तक पुलिस या फायर ब्रिगेड 400 सिलेंडर 1 घंटे तक तेज आवाजों के साथ फटते रहे। पहले तो लोग भाग खड़े हुए फिर आग थोड़ी धीमी होने पर हाथों में पुराने कपड़े और झाड़ियां से पेड़ों की डालियां लेकर आग बुझाते रहे। कुछ देर बाद दमकल गाड़ियां भी करीब पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया।

## इसराइल के पलटवार से दहला ईरान



**बीपीएस न्यूज**

नई दिल्ली। इसराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को खबर आई है कि इसराइल ने ईरान पर एक बड़ा पलटवार किया है। इसमें ईरान को तगड़ा नुकसान हुआ है। फिलहाल अभी नुकसान होने पूरा फिगर नही आया है।

आप सभी को ये मालूम ही है इसराइल का डिफेंस सिस्टम कितना सक्षम है। मगर इसराइल अगर ईरान पर हमला कर दे तो क्या ईरान का डिफेंस सिस्टम इस लायक है की इसराइल के हमले को झेल सके ।आइए समझते हैं इसराइल ने अगर सैन्य हमला किया और साइबर हमला किया तो ईरान इसे कैसे रोकेगा। पहले समझते हैं की ईरान के पास सैन्य हमले के विरुद्ध डिफेंस सिस्टम में क्या क्या है। ईरान के पास ईरान में ही विकसित किया गया लंबी दूरी का मिसाइल डिफेंस सिस्टम है ।जिसका नाम बावर -373 है। यह टारगेट को ट्रैक करके एक साथ छह टारगेट्स पर हमला कर सकता है और उन्हें 300 किलो मीटर तक की दूरी पर मार सकता है। ये सिस्टम कुछ पहलुओं पर रूसी निर्मित एस 300 सिस्टम से बेहतर है और यहां तक की अधिक उन्नत एस 400 बैटरियों के बराबर है ।साथ ही साथ ईरान रूस की टोर मिसाइल, एस 300 भी संचालित करता है ।यही नहीं ईरान के पास अपना विकसित किया मिसाइल डिफेंस सिस्टम भी है जो लंबी दूरी के टारगेट्स को भेद सकता है ।उनके नाम इस प्रकार हैं-अरमान, टैक्टिकल सैय्यद और खोरदाद 15 जो 200 किलोमीटर तक की दूरी पर टारगेट से ईरानी आसमान से रक्षा कर सकता है।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, चोरी छिपे किया अन्तिम संस्कार, नौबस्ता पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पति प्रतीक शर्मा को शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गुलाला घाट विद्युत शवदाह ग्रह ले जाकर चोरी छुपे किया अंतिम संस्कार जाँच उ0नि0 छत्रपाल सिंह चौकी प्रभारी बसंत विहार द्वारा की जा रही थी



गिरफ्तार करने वाली टीम में- प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाण्डेय थाना नौबस्ता, उ0नि0 छत्रपाल सिंह चौकी प्रभारी बसंत विहार, उ0नि0 राधा किशन थाना नौबस्ता, म0उ0नि0 यूटी पूजा सिंह थाना नौबस्ता, हे0का0 457 राजवीर थाना नौबस्ता. हे0का0 1343 हरगोविन्द थाना नौबस्ता शामिल रहे।

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अभियुक्तगणों की तलाश में दबिश दी जा रही थी तभी सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा से सम्बन्धित अभि0गण 1. नेहा शर्मा पुत्री स्व0 अमृतलाल शर्मा निवासी न्यू कालोनी कुम्हार टोला, लालबाग फैजाबाद 2. आयुष शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा निवासी 3 बी आवास-विकास पानी की टंकी के पास , थाना नौबस्ता कानपुर नगर को समय करीब 14.00 बजे दिनांक 17.04.2024 को हाईवे अण्डर पास नियर पोस्ट आफिस से हिरासत में लिया गया।

वादी ने बताया कि बहू व बेटा प्रतीक शर्मा व दो बच्चे को लेकर, अपने मायके फैजाबाद गई थी। वहाँ से 12.03.2024 को बहू नेहा शर्मा दोनो बच्चो के साथ घर वापस कानपुर आई लेकिन बेटा वापस नही आया। जब बेटे के न आने का कारण पूछा तो बहु ने बताया कि गाडी खराब हो गई थी तो वह गाडी ठीक कराने के लिए बाराबंकी में रूक गये है। गाडी ठीक कराके 2-3 दिन बाद वापस आ जायेगे। उसके बाद बेटे के 9336201490 पर काफी सम्पर्क करने का प्रयास किया परन्तु सम्पर्क नही हो सका। फिर वादी की बहू दिनांक 16.3.24 को वादी के नाती अभिराज को दवा दिलाने की बात कहकर बहु दोनो बच्चो को साथ लेकर घर से चली गयी जब 2-3 दिन बाद जब वापस नही आई तब वादी ने परेशान होकर थाना नौबस्ता पर अपने बेटे व बहु और दोनो बच्चो की गुमशुदगी दिनांक 21.03.2024 को दर्ज करवाई।

उ0नि0 छत्रपाल सिंह चौकी प्रभारी बसंत विहार

जिसकी जाँच उ0नि0 छत्रपाल सिंह चौकी प्रभारी बसंत विहार द्वारा की जा रही थी। दौराने जाँच ज्ञात हुआ कि नेहा शर्मा व उसके पुरुष मित्र आयुष शर्मा द्वारा नेहा शर्मा के पति प्रतीक शर्मा को शराब में जहर मिलाकर लखनऊ स्थित आशीर्वाद होटल में ठहरने के दौरान हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में वादी मुकदमा के द्वारा एक प्रा0पत्र दिनाकं 16.04.2024 को दिया गया, जिसके अनुसार मु0अ0सं0 184/2024 धारा 328/302/34 भादवि0 बनाम ङ्क 1. नेहा शर्मा पुत्री स्व0 अमृतलाल शर्मा निवासी न्यू कालोनी कुम्हार टोला, लालबाग फैजाबाद 2. आयुष शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा निवासी 3 बी आवास-विकास पानी की टंकी के पास , थाना नौबस्ता कानपुर नगर पंजीकृत हुआ।



जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक द्वारा की जा रही थी, और नामित अभियुक्तगणों की तलाश की जा रही थी। दिनांक 17.04.2024 को अभियुक्तगण बनाम ङ्क 1. नेहा शर्मा पुत्री स्व0 अमृतलाल शर्मा निवासी न्यू कालोनी कुम्हार टोला, लालबाग फैजाबाद 2. आयुष शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा निवासी 3 बी आवास-विकास पानी की टंकी के पास , थाना नौबस्ता कानपुर नगर को समय करीब 14.00 बजे हाईवे अण्डर पास नियर पोस्ट आफिस से हिरासत में लिया गया।

अभियुक्तआयुष शर्मा व नेहा शर्मा ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 6/3/24 को हम लोग प्रतीक शर्मा के साथ 7/7/27 न्यू कॉलोनी कुम्हार टोला लालबाग फैजाबाद नेहा शर्मा के मायके गए हुए थे वहां से प्रतीक शर्मा वापस लौटा आयुष शर्मा लखनऊ में प्रतीक शर्मा के साथ मिल गया और वहीं से 8/3/24 तक साथ साथ रहे फिर 9/3/24 को फैजाबाद जाकर नेहा शर्मा व दोनों बच्चों के साथ वापस लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने आशीर्वाद होटल में ठहरे और 10/3/24 को प्रतीक शर्मा को शराब में नशीला पदार्थ खिलाकर पिला दिया जिसकी उसकी होटल के रूम न0 205 में मृत्यु हो गई उसके बाद आयुष शर्मा व नेहा शर्मा ने डायल 108 कर एम्बुलेंस बुलाया जिसे एंबुलेंस द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सा (सिटी हॉस्पिटल) लखनऊ ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा Brought Dead बताया गया और मोर्चरी भिजवा दिया गया दिनांक 11/3/2024 को हजरतगंज थाना द्वारा पंचायत नामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया गया तथा आयुष शर्मा व नेहा शर्मा द्वारा प्रतीक शर्मा के शव को बाद पोस्टमार्टम दिनांक 12/3/24 को गुलाला घाट विद्युत शवदाह ग्रह ले जाकर चोरी छुपे अंतिम संस्कार कर दिया गया उसके पश्चात नेहा शर्मा अपने दोनों बच्चों के साथ वापस कानपुर अपने घर आ गई और प्रतीक शर्मा के पिता पुनीत शर्मा द्वारा पूछे जाने पर बताया कि गाड़ी खराब हो गई है प्रतीक शर्मा दो-तीन दिन बाद गाड़ी ठीक करवा कर आएंगे फिर दिनांक 16/3/24 को अपने प्रेमी आयुष शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा निवासी 3-ड्ढ आवास विकास पानी टंकी के पास थाना नौबस्ता कानपुर नगर के साथ दोनों बच्चों को लेकर राजस्थान चली गई जहां खाटू मोड़ भैरव बाबा के मंदिर के पास जिला सीकर राजस्थान में रह रही थी।

# कार्यकर्ताओं को केवल कमल ही नहीं खिलाना है बल्कि गठबंधन प्रत्याशी की जमानत भी जब्त करानी होगी: केशव मौर्या



कानपुर। भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने परमट मंदिर में माथा टेकने के बाद बाबा आनंदेश्वर मंदिर में भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया।नामांकन जुलूस से पहले परमट में आनंदेश्वर मंदिर पार्किंग में हुई जनसभा को उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जायेगी। कार्यकर्ताओं को केवल कमल ही नहीं खिलाना है बल्कि गठबंधन के प्रत्याशी की जमानत भी जब्त करवानी है। सपा की साइकिल पंचर हो गई है।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कानपुर लोकसभा के प्रत्याशी रमेश अवस्थी एवं अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के गले में डाली विजय की माला नामांकन से पूर्व कचेहरी गेट पर अधिवक्ताओं ने भी किया भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का स्वागत एनडीए घटक दल अपना दल राष्ट्रीय लोक दल एवं सुभाषपा और निषाद पार्टी के भी कार्यकर्ता अपने झंडों के साथ सभा स्थल पहुंचे यहां से तो सपा की साइकिल उतर कर सैफई चली गई है। हाल ही में भाजपा में शामिल हुए अजय कपूर ने पंजे वाली पार्टी का पंजा तोड़ दिया है।भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के मान सम्मान स्वाभिमान को आगे बढाने का काम करूंगा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन में कानपुर है और कानपुर वासियों के मन में मोदी हैं ।जनसभा में मंच पर मौजूद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान,राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह,सुरेंद्र मैथानी, राहुल बच्चा सोनकर,अभिजीत सिंह सांगा, एमएलसी अरुण पाठक, राष्ट्रीय लोकदल नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, वरिष्ठनेता हरीश रामचंदानी, अविनाश सिंह चौहान, पूर्व मंत्री प्रेमलता कटियार, बालचंद्र मिश्र, जगतवीर सिंह द्रोण,रविंद्र पाटनी, जिलापंचायत अध्यक्षस्वप्निलवरुण जिलाध्यक्षदीपूपांडे, शिवरामसिंहकी मौजूदगी में सभा संपन्न हुई ।

# 5 साल मे कानपुर में एतिहासिक विकास होगा: रमेश अवस्थी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारत देश मे विकास के लिये पांचवे नम्बर पर कानपुर गिना जाता है, पिछले 10 साल से जो विकास कार्य चल रहे है, हम 5 साल मे कानपुर नगर मे एतिहासिक विकास कार्य करायेगे, जिससे कानपुर का नाम पूरे देश मे हो। यह बात भाजपा कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने आज ओमपुरवा मे स्वागत व अभिनन्दन समारोह के दौरान कही, उन्होने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने का बीडा उठाया है, भ्रष्टाचारी सलाखो के पीछे जा रहे है। नरेंद्र मोदी भी कानपुर का विकास देखना चाहते है। विदेशो मे यह चर्चा हो रही है ।कानपुर मैनचेस्टर के रूप गिना जाता था, कानपुर नगर को वही सम्मान दिलाना हमारा उद्देश्य है। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष शिव राम सिह ने कहा कि भाजपा को 5 लाख वोटो से चुनाव जीत कर इतिहास रचने जा रही है, पार्टी का एक एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ा रहा है। भाजपा नेताओ को घन्यवाद पार्षद जितेंद्र चौरसिया ने किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से निवर्तमान विघायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, जायसवाल, अमरीश जायसवाल, शैलेन्द्रत्रिपाठी, मोरमुकूट, जितेंद्र चौरसिया, सनी जायसवालआदि लोग मौजूद रहे।

# शहर के टापरों ने फहराया जीत का परचम

## महर्षि वशिष्ठ विद्याश्रम इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र छात्राओं ने रिजल्ट आते ही जमकर मनाया जश्न

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। द गुरुकुल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के द्वारा संचालित महर्षि वशिष्ठ विद्याश्रम इंटरमीडिएट कॉलेज नौबस्ता का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा जिसमें हाई स्कूल की छात्रा अनुष्का शुक्ला ने 96.8 के साथ प्रदेश में दसवां और नगर में तीसरा तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरे स्थान पर प्राजंलि दुबे ने 96.2प्रति तीसरे अंक पर संयुक्त रूप से वंश गुप्ता एवं दिव्यांशी वैश्य ने 93.2प्रतिचतुर्थ स्थान पर मुस्कान गुप्ता 92.6प्रति पांचवें स्थान पर ओम जी मिश्रा 91.8 प्रतिशत छठे स्थान पर अनुराग शुक्ला 91.7प्रति सातवें स्थान पर मयंक शर्मा 91त्न आठवें स्थान पर रिया पांडे 90प्रति तथा दसवीं स्थान पर दिव्या शुक्ला ने 90प्रति अंक प्राप्त किया इंटरमीडिएट में आयुष मिश्रा ने 90प्रति अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे द्वितीय स्थान पर प्रिया प्रजापति 89प्रति तृतीय स्थान पर दीपांजलि मौर्य 88.6प्रति, माही गुप्ता 87प्रति अंक लाकर चौथे स्थान पर रहे परीक्षा परिणाम देखकर बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर की। इस मौके पर प्रबंधतंत्र प्रेम कुमार मिश्रा राजकुमार मिश्रा डॉक्टर योग वाला दुबे अनिल कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पांडे ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए अभिभावकों को संदेश दिया कि स्कूल का और अच्छा परिणाम देने की कोशिश निरंतर जारी रहेगी अपने संबोधन में प्रेम कुमार मिश्रा ने बताया कि विगत कई वर्षों से कानपुर दक्षिण क्षेत्र में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है तथा नित्य प्रति नए आयाम छात्र-छात्राएं प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं श्री मिश्रा के मुताबिक पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल के प्रति भी जागरूक होना होगा जिससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आ सके तथा बच्चे पढ़ाई के दबाव को कम महसूस कर सके इस मौके पर काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।



## हाईस्कूल और इण्टर के परिणाम से कालेज हुआ गौरवान्वित

कानपुर। शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डॉ नरेंद्र एसवीएन इंटर कॉलेज पुराना शिवली रोड के सभी छात्र / छात्राओं ने ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

हाईस्कूल में कुल 44 छात्र-छात्राओं में से 30 ससम्मान तथा शेष सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए ।जिनमें हाईस्कूल में अनुष्का वर्मा (91प्रति), अभय कुमार बाजपेई (89.5प्रति), इशिता सिंह (88.66प्रति), दिव्या पाल (86.3प्रति), कनिका दीक्षित (83प्रति) आदि व वहीं, इण्टरमीडिएट में कुल 41 छात्र-छात्राओं में से 20 ससम्मान तथा शेष सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए इंटरमीडिएट में हर्ष कनौजिया (84प्रति), अदिति दुबे (84प्रति), यशी द्विवेदी (80.60प्रति), गोपाल मिश्रा (78.20प्रति), उत्कर्ष सिंह चन्देल (78प्रति) रहे। विद्यालय के प्रबंधक संजय कुमार व प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं से कहा सफलता प्राप्त करके हमें कभी अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए।

## आर एस एजुकेशन सेंटर इंटर कॉलेज बर्रा का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

कानपुर। आर एस एजुकेशन सेंटर इंटर कॉलेज बर्रा के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जैसे ही हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का रिजल्ट आया छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे ढोल नगाड़ों पर बच्चे जश्न मनाते दिखे इस मौके पर डायरेक्टर अंकित मिश्रा ने बताया कि विगत कई वर्षों से कानपुर दक्षिण क्षेत्र में आर एस एजुकेशन सेंटर शिक्षा के क्षेत्र में अगली है तथा नन्हे नौनिहालों को बेहतर शिक्षा देने का कार्य कर रहा है इस मौके पर मौजूद वी के मिश्रा ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा में अर्जुन दिक्षित 94प्रति ओम चक 93प्रति दिव्यांशी 93प्रति सक्षम तिवारी 92प्रति आर्यन प्रजापति 91.8प्रति यश गुप्ता 91.5प्रति अस्मित बिश्नोई 91.5 प्रतिशत अंशिका पांडे 90.8प्रति वंशिका राठौर 90.8 प्रतिशत प्रांजल कुमार 90.01प्रति नैना गुप्ता 89.6प्रति अपूर्वा शर्मा 89.01प्रति अक्षिता शर्मा 88.6त्नप्रतिप्रति नैंसी गौतम 88.6प्रति आयुष गौतम 88.01प्रति तथा इंटरमीडिएट में श्लोक दीक्षित 92.4प्रति भाव्या द्विवेदी 92प्रति आशीष गुप्ता 92प्रति हर्षित त्रिपाठी 91.8 प्रतिशत राज वर्मा 91.6प्रति नित्या शर्मा 91.6प्रति तन्मय वर्मा 91.02त्न अभिषेक सिंह 91प्रति तनिष पाल 90.6प्रति अनन्या शुक्ला 89.4प्रति गगन दरियानी 89.4प्रति आयुषी सिंह जादौन 88.2प्रति ओमकार राठौर 88प्रति मानसी शर्मा 87प्रति आस्था 86.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया ।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।